हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

**तापमान**

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

10 सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिणिक संस्थाओं ...



11 राजनीतिक निष्क्रियता और मूलभूत सुविधाओं ...





**नवरात्रि विशेष**



**द्वितीयः ब्रह्मचारिणी**

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

# मोबाइल एप से होगी खाद की खरीदी, टोकन या क्यूआर कोड से मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रबी सीजन 2026-27 से किसानों को खाद खरीदने के लिए नई डिजिटल व्यवस्था से गुजरना होगा। छत्तीसगढ़ में अब मोबाइल एप के माध्यम से उर्वरक खरीदी की व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत किसान एफएफएस (फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल) एप पर आवश्यक जानकारी दर्ज कर टोकन या क्यूआर कोड के जरिए निर्धारित केंद्र से खाद प्राप्त कर सकेंगे। नई व्यवस्था का उद्देश्य उर्वरकों की कालाबाजारी रोकना, वितरण में पारदर्शिता लाना और किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना है।

### मोबाइल एप का यह मॉडल अब पूरे जिले में होगा लागू

कृषि विभाग के अनुसार, मोबाइल एप आधारित उर्वरक वितरण प्रणाली को पहले गरियाबंद और बीजापुर जिलों में मॉडल के रूप में लागू किया गया था। इसके बाद अब रबी सीजन से इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। इस व्यवस्था में किसानों का पंजीयन और आधार लिंकिंग सुनिश्चित करने के साथ पीओएस मशीन के माध्यम से खाद की बिक्री अनिवार्य होगी। इससे खाद के उपलब्ध स्टॉक और बिक्री का वास्तविक समय में मिलान किया जा सकेगा। साथ ही उर्वरकों की मांग का पूर्वानुमान लगाने और भंडारण एवं वितरण की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी।

**रबी सीजन में कालाबाजारी पर रोक लगाने पहली बार इस तरह की गई पहल**



### समिति प्रबंधकों और विक्रेताओं को दिया प्रशिक्षण

नई प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विप्स, कलेक्टर परिसर दुर्ग में फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल विषय पर एक दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राज्य स्तर से आयोजित प्रशिक्षण में मोबाइल एप के जरिए उर्वरक बिक्री और वितरण की प्रक्रिया समझाई गई। इसके बाद मास्टर ट्रेनरों ने सहकारी समितियों के प्रबंधकों और उर्वरक विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया। वहीं, मैदानी अमले के माध्यम से किसानों को भी नई व्यवस्था के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रशिक्षण में सहायक संचालक कृषि सुचित्रा दरबारी और हेमंत बघेल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के जिला नोडल अधिकारी, दुर्ग, पाटन एवं धमधा विकासखंड के कृषि अधिकारी, सहकारी समितियों के प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता तथा किसान शामिल हुए।

### किसानों को मोबाइल एप से करना होगा पंजीयन

नई व्यवस्था के तहत किसान अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से एफएफएस फर्टिलाइजर एप डाउनलोड कर आवश्यक जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद टोकन अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से नजदीकी निर्धारित केंद्र से फसल के लिए अनुशंसित मात्रा में खाद प्राप्त की जा सकेगी। जिन किसानों के पास मोबाइल फोन नहीं है, वे परिवार के किसी अन्य सदस्य के मोबाइल का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा मिलेगी। इससे डिजिटल साधनों से वंचित किसानों को भी इस व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

**जामुल पुलिस की कार्रवाई, आईटीआई कॉलोनी जामुल पानी टंकी के पास मिला लोहे का सामान**

# शहर में15 साल से लोहे का अवैध कारोबार, लाखों की रेल पटरियां छावनी में कबाड़ी की दुकान से जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जामुल थाना अंतर्गत आईटीआई कॉलोनी जामुल पानी टंकी के पास पांडेय कबाड़ी में पिछले करीब 15 सालों से लोहे का अवैध कारोबार चल रहा था। कबाड़ी की इस दुकान में लोहे की पटरी जब्त की गई है। पटरियों में सेल लिखा है, पटरियां कहां से और कैसे पहुंची। इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने कबाड़ संचालक के गोदाम में दबिश इस पूरे मामले का भंडाफोड़ किया है। मिली जानकारी के मुताबिक गोदाम में बड़ी मात्रा में लोहे के कटे हुए टुकड़े मिले हैं, जो रेल पटरी के ऐसे हिस्से भी शामिल हैं।

पुलिस की टीम छावनी आईटीआई ग्राउंड पानी टंकी के पास पहुंची और स्क्रैप की जांच शुरू की। पुलिस ने बरामद लोहे का वीडियो भी बनाया है। पंचनामा की कार्रवाई के साथ गोदाम में मौजूद के बयान लिए गए। शुरुआती जांच के मुताबिक, गोदाम कबाड़ी पाण्डेय का होना बताया जा रहा है। पुलिस इसे लेकर जांच में जुटी हुई है। बरामद लोहा कहां का है और गोदाम तक कैसे पहुंचा इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने वहां मौजूद लोहे और स्क्रैप का निरीक्षण किया। बरामद सामग्री का वीडियो तैयार किया गया है, जिससे जांच के दौरान उसका मिलान और पहचान की जा सके।

संदेह जताया जा रहा है कि संयंत्र से रेल पटरी निकलने के बाद उसे ट्रक के जरिए गोदाम तक आधी रात को लाया जाता था। पटरी के छोटे-छोटे हिस्से काटकर अलग रखे जाते थे। यह भी स्पष्ट नहीं है कि बरामद सामग्री कब और किस वाहन से गोदाम तक पहुंचा। पुलिस अब परिवहन से जुड़े तथ्यों, कर्मियों के बयान और बरामद स्क्रैप की पहचान के आधार पर जांच बढ़ा रही है।

**कमीशन लेकर राजनीति रसूख रहने वाले पहुंचाया करते थे वाहन**



### फैक्ट्री की आड़ में लोहे का अवैध कारोबार

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बड़ी नहर किनारे लोहे का एक फैक्ट्री है, जहां से पाण्डेय कबाड़ी हर दो दिन में लोहा खरीदते आया है। फैक्ट्री में दो सगे भाई बैठकर पुलिस को गुमराह करते आए हैं। यहां से भी कमीशन लेकर श्र फैक्ट्री में वाहनों को भेजता है। इसका यह कारोबार लंबे समय से खुर्सीपार क्षेत्र में चलता आ रहा है। नहर किनारे बने लोहे के फैक्ट्री का संचालन करने वाला भी यहीं का रहने वाला है। श्र की जुंगलबंदी से लोहा का बड़ा कारोबार यहां संचालित है। पुलिस ने दो दिन पहले ही इसी फैक्ट्री के एक कर्मी को उठाया था जिसे मिठाई खिलाकर छोड़ दिया गया है। जो शहर में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### विधायक ने डीआईजी व एसएसपी सख्त कार्रवाई के निर्देश

कथित लोहा चोरी का मुद्दा पहले भी वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने लगातार उठाते रहे है। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की थी। विधायक की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की स्वीकृति दी है। इसे लेकर राजपत्र में अधिसूचना भी प्रकाशित हुई है। विधायक की टीम को छावनी क्षेत्र के कबाड़ी गोदाम में लोहा काटे जाने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। विधायक ने सीआईएसएफ के डीआईजी और दुर्ग एसएसपी से चर्चा कर कथित लोहा चोरी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक पांडेय कबाड़ी के गोदाम में कमीशन लेकर छुटभैया नेता वाहनों को पहुंचाया करते थे। पाण्डेय कबाड़ी के गोदाम तक वाहनों को पहुंचाने वाले को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। गोदाम में जितना सामान पुलिस ने जब्त किया है, इससे पहले कई टन लोहे की पटरियां ढिकाने लगाई जा चुकी है। पुलिस इसे लेकर काफी गंभीर है और लोहे कारोबार में जुड़े लोगों का शिनाख्त करने मुखबिरों को तैयार किया है।जो जल्द ही वाहन पहुंचाने वाले कमीशनखोर की खाका तैयार कर उस पर कार्रवाई की तैयारी में जुटी हुई है। लाखों रुपए का लोहा मिलने के बाद पुलिस जांच हर एंगल से करने में जुटी हुई है। इसका बड़ा खुलासा आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है।

### जांच में जुटी हुई है टीम

“ पुलिस ने दबिश देकर लोहा जब्त किया है। इससे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है।कई सामान भी जब्त किए गए है। फिलहाल जांच किया जा रहा है।

-शोभराज अग्रवाल, एएसपी दुर्ग

# छूटे व नवयुवा मतदाताओं के जोड़े जाएंगे सूची में नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। भिलाई, रिसाली और भिलाई चरोदा निगम की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 अक्टूबर को होना है। इसलिए जिला निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रहा है। जिला निर्वाचन यह विशेष अभियान भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त निर्देश पर चलाएगा। जिसमें 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में मतदाता सूची को अद्यतन करने

- 1 अक्टूबर की स्थिति में होगी मतदाता सूची तैयार

तथा मतदाता सूची में पंजीयन से छूटे नागरिकों एवं पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं का पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष अभियान रहेगा।

### महापौर सहित 400 पार्षद पदों पर चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक नगरपालिका आम निर्वाचन के लिए 417 पदों पर निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण किया जाएगा। इनमें भिलाई, भिलाई-चरौदा, रिसाली और बीरगांव नगर निगम के 4 महापौर पद, 13 अध्यक्ष पद और 400 पार्षद पद शामिल हैं। इसके अलावा नगरपालिका उप निर्वाचन के लिए 1 अध्यक्ष और 6 पार्षद पदों की निर्वाचक नामावली भी तैयार की जाएगी।

### बीएलओ व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आज

अभियान के सफल संचालन के लिए निर्वाचन कार्य में नियुक्त सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में 9 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से साइंस कॉलेज दुर्ग के डॉ. राधाकृष्ण सर्वपल्ली सभागार, नया भवन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में मतदाता सूची में नए मतदाताओं के पंजीयन, छूटे हुए पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने तथा निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया और दायित्वों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

### भिलाई निगम क्षेत्र के लिए पहले प्रशिक्षण

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निर्वाचन कार्य के लिए 9 अक्टूबर को यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। भिलाई निगम क्षेत्र में जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से बीएलओ एवं बीएलओ को विशेष मतदाता पंजीयन अभियान के दौरान किए जाने वाले कार्यों, प्रक्रिया एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी।

**कोई भी पात्र न छूटे यह मकसद :** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीयन से वंचित न रहे तथा पहली बार मतदान के योग्य युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। नगर पालिक निगम भिलाई के संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ प्रशिक्षण में शामिल होंगे।

**खबर संक्षेप**

### प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** शराब की कांच की बोतल तोड़कर युवक की गर्दन पर जानलेवा हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बाबा धाम तालाब के पास वाहन खाली करने की बात को लेकर संजय कुमार और डाक बंगाल पुरैना निवासी अरविंद करवा का विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपी गाली-गलौज करते हुए शराब की कांच की बोतल तोड़कर पीड़ित के गले में वार कर फरार हो गया था। सूचना पर पुलिस ने आरोपी अरविंद करवा को पकड़ा गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि जिले में संदिग्धों की धरपकड़ की जा रही है। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना पुलिस को इसके लिए निर्देशित किया गया है। इसके बाद पुलिस ने सर्चिंग बढ़ा दी है। रात के समय संदिग्ध गतिविधियों वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर तलाशी ली जा रही है।

# बिना दस्तावेज के मवेशियों को लेकर जा रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** क्रूरता पूर्वक भैंस और उसके बच्चे को वाहन में ले जाते हुए तीन युवकों को वाहन समेत पकड़ा है। सुपेला पुलिस ने बताया कि युवराज साहू खुर्सीपार गौशाला से वापस आ रहा था। इस दौरान भोर 4 बजे सुपेला घड़ी चौक के पास बुलेरो पिकअप एमएच 35 एजे 5459 में भैंस और उसके बच्चे को क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। वाहन के सिग्नल पर रुकने के दौरान पूछताछ करने पर वाहन में सवार युवकों ने मवेशियों को महाराष्ट्र के गोंदिया ले जाना स्वीकार किया।



- सुपेला पुलिस ने की कार्रवाई, मवेशी और वाहन जब्त

लेकिन उनके पास किसी भी प्रकार का कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। सूचना पर रवि साहू, रवि वर्मा, राहुल शाह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की सहायता से वाहन को रोका गया। वाहन की जांच करने पर लगभग छह वर्ष की भैंस एवं लगभग एक वर्ष का उसका बच्चा रस्सी से बंधा मिला। दोनों मवेशियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था नहीं थी। पूछताछ करने पर वाहन में सवार ने अपना नाम ग्राम बामनी, थाना गोरेगांव, जिला गोंदिया, महाराष्ट्र निवासी विनोद तावड़े, रामेश्वर भुरकन बिसने उर्फ विरेन्द्र, प्रवीण डिलेश्वर बिसने बताया है। उनके पास से पुलिस ने बुलेरो पिकअप वाहन, भैंस व उसका बच्चा जब्त किया गया।

# रात का पारा सामान्य से एक डिग्री कम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बारिश का दौर अब लगभग खत्म हो गया है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों से मानसून रुखसत हो गया है। ठंड का मौसम आने को है, इस बीच दिन में तेज धूप के कारण गर्मी और उमस बढ़ गई है।

रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा। वहीं शाम को सूरज ढलने का समय 5.44 बजे रहा। वहीं सूर्योदय



का समय 5.59 बजे रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 दिनों में मौसम में बदलाव के आसार है। उत्तर-पश्चिम की ठंडी हवाओं का असर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में पड़ने वाला है। आगामी दिनों में मौसम साफ रहेगा। फिलहाल मैदानी इलाकों में जहां दिन के समय गर्मी बढ़ रही है, वहीं सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों में रात का मौसम ठंडा होने लगा है। ठंडी हवाओं का असर धीरे-धीरे पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ने वाला है।

- जिले का अधिकतम तापमान 33 .4 डिग्री किया गया रिकॉर्ड
- ट्विनसिटी में दिन के समय गर्मी और उमस, रात में राहत, सुबह उजियारा भी देर से

इस बार बारिश के सीजन में जिले में सामान्य से 1 प्रतिशत कम बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक 1 जून से 30 सितंबर तक 976.5 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य औसत 984.8 मिलीमीटर का है।

**लैब का कर्मचारी पहुंचता है दोपहर 2 बजे, बाद के सैंपल अगले दिन तक नहीं रह पाते सुरक्षित**

# दोपहर के बाद ब्लड सैंपल की जांच पर संकट, खराब होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैथोलॉजी जांच की व्यवस्था अटल आरोग्य लैब के माध्यम से संचालित की जा रही है। इसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पीएचसी में ब्लड सैंपल लेने के बाद उन्हें जांच के लिए संबंधित केंद्रों तक भेजा जाता है लेकिन भिलाई-3 पीएचसी में सैंपल कलेक्शन के समय को लेकर समस्या सामने आ रही है। यहां अटल आरोग्य लैब का सैंपल कलेक्शन कर्मचारी दोपहर करीब 2 बजे पहुंचता है। इसके बाद ओपीडी में आने वाले मरीजों के ब्लड सैंपल अस्पताल में ही रह जाते हैं। इन सैंपलों को अगले दिन तक सुरक्षित नहीं रख पाने के कारण वे खराब हो जाते हैं। इससे मरीजों की जांच प्रभावित हो रही है।

भिलाई-3 पीएचसी में प्रतिदिन करीब 200 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। यहां लंच के पहले और लंच के बाद, दो पालियों में ओपीडी संचालित होती है। मरीजों की जांच के लिए रोजाना करीब 20 ब्लड सैंपल लिए जाते हैं। इनमें कुछ सैंपल सुबह और कुछ दोपहर बाद लिए जाते हैं। सीएचसी और जिला अस्पतालों की पैथोलॉजी लैब का संचालन शासन द्वारा एचएलएल कंपनी को सौंपे जाने के बाद अटल आरोग्य लैब के माध्यम से जांच की व्यवस्था की गई है। इसके चलते पीएचसी में मौजूद लैब अब मुख्य रूप से सैंपल कलेक्शन सेंटर के रूप में काम कर रही हैं। भिलाई-3 पीएचसी से ब्लड सैंपल जांच के लिए दुर्ग जिला अस्पताल स्थित अटल आरोग्य लैब भेजे जाते हैं। पीएचसी में परेशानी यह है कि सैंपल लेने वाला कर्मचारी प्रतिदिन करीब दोपहर 2 बजे पहुंचता है। वह आने तक एकत्र किए गए सैंपलों को जांच के लिए ले जाता है, लेकिन इसके बाद लिए जाने वाले सैंपल अस्पताल में ही रह जाते हैं। इन सैंपलों को अगले दिन तक सुरक्षित रखने की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण इनके खराब होने की शिकायत है।

**दो पालियों में ओपीडी, लेकिन सैंपल लेने की व्यवस्था सीमित**

### मरीजों की जांच हो रही प्रभावित

दोपहर बाद ब्लड सैंपल देने वाले मरीजों की जांच प्रभावित हो रही है। यदि सैंपल खराब हो जाता है, तो उसकी जांच नहीं हो पाती और मरीज को दोबारा सैंपल देना पड़ रहा है। इससे मरीजों को अतिरिक्त परेशानी के साथ जांच रिपोर्ट के लिए भी इंतजार करना पड़ सकता है। भिलाई-3 पीएचसी में मरीजों की जरूरत के अनुसार सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, लिपिड प्रोफाइल और टीएसएच जैसी जांचों के लिए ब्लड सैंपल लिए जाते हैं। इन जांचों की रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सक मरीजों के उपचार से जुड़े निर्णय लेते हैं। ऐसे में सैंपल का समय पर जांच केंद्र पहुंचना और निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रहना जरूरी है।



### कलेक्शन का समय बढ़ाने की जरूरत

जब पीएचसी में लंच के बाद भी ओपीडी संचालित होती है और मरीजों के ब्लड सैंपल लिए जाते हैं, तो सैंपल कलेक्शन की व्यवस्था भी उसी अनुरूप होनी चाहिए। दोपहर के बदले शाम को ओपीडी बंद होने के पहले अगर ब्लड कलेक्ट कर अटल आरोग्य लैब भेजने की व्यवस्था होनी चाहिए। इससे ब्लड सैंपल सुरक्षित रहेगी। स्वास्थ्य विभाग और अटल आरोग्य लैब प्रबंधन को कलेक्शन कर्मचारी के आने के समय की समीक्षा करनी चाहिए।

-डॉ. शिखर अग्रवाल, प्रभारी पीएचसी, भिलाई तीन



## खबर संक्षेप

### प्रदर्शन में शामिल होने रवाना हुए कांग्रेसी

दुर्ग। दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर रविवार देर शाम रायपुर के माना विमानतल से दिल्ली के लिए रवाना हुए। कांग्रेस द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पार्टी के विधायक, जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, पूर्व विधायक तथा वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित छत्तीसगढ़ के अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की आवाज बुलंद करेंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की रक्षा आज एक महत्वपूर्ण सवाल बन गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, फार्म-6 में किए गए बदलावों तथा वोट चोरी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज राष्ट्रीय मंच पर उठाएगी।

### जनदर्शन में दिए मुलभूत सुविधाओं के आवेदन



भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं, मांगों और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए निगम मुख्य कार्यालय के सभागार कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे की उपस्थिति में नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में कुल 15 नागरिकों द्वारा सड़क, नाली, सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मांग और शिकायतों को लेकर आवेदन दिए गए। अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित शाखा के अधिकारियों को आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निगम प्रशासन द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच और संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किए जाने

# नागरिक कस्टमर हैं, देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दीपावली से पहले शहर को कराएं कचरा मुक्त, शिकायत के बाद मुख्य सचिव सोनमणि ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगरीय प्रशासन के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने भिलाई नगर निगम के अधिकारियों को नागरिकों को समय पर सेवाएं देने और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिक कस्टमर हैं, इसलिए सेवाओं में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को रोज सुबह फील्ड निरीक्षण करने और दीपावली से पहले शहर को कचरामुक्त बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत चल रहे अधूरे निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई। बोरा ने सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में भिलाई निगम में लंबित कार्यों और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कार्यप्रणाली में सुधार लाने और नागरिकों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक नीलेश क्षीरसागर, सूडा के सीईओ सुमीत अग्रवाल और भिलाई नगर निगम की आयुक्त सुरुचि सिंह भी बैठक में मौजूद थीं।

### रोज सुबह निरीक्षण कर भेजें रिपोर्ट

प्रमुख सचिव ने जोन कमिश्नरों, उपायुक्तों और अपर आयुक्तों को प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कमियों और कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट निर्धारित ग्रुप में साझा करें, ताकि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान बोरा ने सभी जोन कमिश्नरों को दीपावली से पहले भिलाई को कचरामुक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत कचरा प्रबंधन, प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना और संचालन से जुड़े कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कचरे के उचित प्रसंस्करण और स्वच्छता व्यवस्था की लगातार निगरानी पर भी जोर दिया।

## भिलाई निगम के कामों की समीक्षा, अधूरे निर्माण कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी



### अधूरे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

बोरा ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की धीमी प्रगति पर प्रमुख नाराजगी जताई। उन्होंने लंबित निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने, तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने और नियमित निगरानी के जरिए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की समीक्षा के दौरान श्री बोरा ने आवास निर्माण में बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और बच्चों की जरूरतों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने आवासों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सभी के अनुकूल बनाने तथा पात्र हितग्राहियों के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने को कहा। उन्होंने ई-बस सेवा योजना शुरू करने की तैयारियों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

### निदान-1100 की शिकायतों का समय पर करें निराकरण

प्रमुख सचिव ने निदान-1100 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की नियमित निगरानी और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, संयुक्त संचालक मिथिलेश अवस्थी और मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सहित नगरीय प्रशासन विभाग, सूडा और भिलाई नगर निगम के अधिकारी तथा अभियंता भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में जल प्रदाय, जल संरक्षण, मिशन अमृत और तालाबों के रखरखाव से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल स्रोतों के संरक्षण और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री बोरा ने संपत्ति कर वसूली, ग्रीन बॉन्ड, बिजली बिलों और अन्य वित्तीय विषयों की समीक्षा करते हुए राजस्व संग्रहण सुधारने को कहा। ऑनलाइन नागरिक सेवाओं, ई-ऑफिस और डिजिटल व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

## व्यापारियों पर लगने वाले बाजार मूल्य को कम कराने की मांग

# सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिणिक संस्थाओं को पूर्व में 10% बाजार मूल्य लग रहा था, अब लगेगा 1 रुपए वर्गफीट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बीएसपी टाउनशिप के व्यवसायियों सहित अन्य कई संस्थाओं को लीज रिन्युअल में राहत दिलवाने के लिए दुर्ग के सांसद विजय बघेल और पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय का सम्मान किया गया। समारोह में चेंबर सहित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चेंबर ने प्रबंधन से समस्या के पूर्ण समाधान की मांग की।

उल्लेखनीय है कि स्टील सिटी चेंबर की बीएसपी टाउनशिप में लंबे समय से लीज रिनिवल की मांग राज्य सरकार के नियमों के तहत किए जाने संबंधी मांग पर सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय के माध्यम से प्रयास किया गया, जिसके कारण कुछ सार्थक परिणाम आए। चेंबर के मुताबिक सेल बोर्ड की नई गाइड लाइन लीज रिनिवल के लिए आई। इसमें सामाजिक, धार्मिक, व शैक्षिणिक संस्थाओं को पूर्व में 10% बाजार मूल्य लग रहा था, जो अब 1 रुपए प्रति वर्गफीट लगेगा। इससे भिलाई की सभी सामाजिक, धार्मिक व शैक्षिणिक संस्थाओं को जो लाभ प्राप्त हुआ। इसके लिए आभार जताने जैन भवन सेक्टर 6 में इस स्वागत समारोह हुआ।

## लीज रिन्यूअल के लिए स्टील चैंबर ने सांसद व पूर्व मंत्री का किया सम्मान



### व्यापारियों पर लगने वाला शुल्क अधिक

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने स्वागत भाषण में विजय बघेल व प्रेम प्रकाश पाण्डेय जी का धन्यवाद दिया जिनके अथक प्रयास से यह समस्या का निराकरण हो सका। सलाहकार सदस्य राम कुमार गुप्ता ने कहा कि सांसद से मांग की सभी सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक संस्थाओं को जो दर निर्धारित की गई है, उसका ऑटो रिनिवल कर मांग पत्र संस्थाओं को बीएसपी भेजे। किसी आवेदन का इंतजार न करें। इसी तरह व्यापारियों पर लगने वाला शुल्क 25% बजार मूल्य का अत्यधिक है, उस पर पुनः विचार किया जाए। श्री पाण्डेय ने इस जटिल समस्या को लगातार विभिन्न मंचों पर रखने के लिए स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

### बाजार मूल्य पर फिर से विचार करने का मिला आश्वासन

सांसद श्री बघेल ने प्रेम प्रकाश पाण्डेय व इस्पात मंत्री कुमार स्वामी का धन्यवाद किया, जिनके प्रयास से परिणाम तक पहुंचाने में मदद मिली। व्यापारियों को आश्ववस्त किया उन पर लगने वाला 25% बाजार मूल्य पर फिर से विचार करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में सेक्टर 1 व्यापारी संघ सेक्टर 4 व्यापारी संघ, सेक्टर 5 व्यापारी संघ सेक्टर 6 के व्यापारी सेक्टर 10 व्यापारी संघ न्यू सिविक सेंटर रेजिडेंस एसोसिएशन अस्पताल सेक्टर व्यापारी संघ बड़ौदा सेक्टर व्यापारी संघ रिसाली सेक्टर बीएसपी मार्केट व्यापारी संघ सहित अनिल सेक्टर के व्यापारी उपस्थित थे। कार्यक्र में श्रीनिवास खेड़िया, बंशी अग्रवाल, राजीव जैन, आशीष निमजे सुरेश रतनानी, अजय दीक्षित, अजय कनोजे, करमजीत सिंह, दिनेश सिंघल, रामकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद बाकलीवाल, कांत उपाध्याय, अब्दुल कादिर सिद्दीकी, नईम खान, प्रदीप बाकलीवाल जैन, ट्रस्ट के मंत्री सुधीर गांगेय अशोक पहाड़िया, संजय होतवानी, श्याम पंडा, राकेश डोडी, वेद प्रकाश गुप्ता, सतीश बंछोर, प्रदीप नाहर उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डीपीएस शिक्षक संतोष ने किया।

### इन संस्थाओं ने किया सम्मान

अग्रसेन जन कल्याण समिति से 6, केरला समाजम दुर्ग भिलाई, मस्जिद सेक्टर 6, माहेश्वरी सभा सेक्टर 6, गुजराती समाज सेक्टर 4, जगन्नाथ मंदिर समिति सेक्टर 4, कालीबाड़ी समिति सेक्टर 6, काान्यकुब्ज चेतना मंच सेक्टर 1, आध्यात्मिक संस्था राधा स्वामी सत्संग समिति, दिगंबर जैन खंडेलवाल भवन, जैन मिलन जैन, ट्रस्ट ब्रह्म ऋषि समिति, गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर 6, पंजाबी भाईचारा अस्पताल सेक्टर जगन्नाथ मंदिर समिति सेक्टर 6, शंकरा एजुकेशन सोसायटी सेक्टर 10 मलयालम ग्रंथ शाला सेक्टर 6 क्रिश्चियन कम्युनिटी सेक्टर 6 के अध्यक्ष एवं उनकी समिति के सदस्य शामिल थे। रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सम्मान संचालित नयनदीप विद्या मंदिर के दृष्टिबाधित छात्रों ने स्वागत गान

# महमरा एनीकट के आसपास गंदगी का लगा अंबार



दुर्ग। तस्वीर महमरा एनीकट घाट की है, जहां पिछले लंबे समय से कचरे की गंदगी पसरी हुई है। पितृपक्ष में तर्पण और अन्य संस्कारों के लिए लोग नदी तट पहुंच रहे हैं। गंदगी की वजह से उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। आसपास के लोग यहां स्नान करने पहुंच रहे हैं, लेकिन गंदगी की वजह से नाक-मुंह सिकोड़कर लौट रहे हैं। बाढ़ उतरने के बाद से ही ऐसे हालात बने हुए हैं। नियमतः सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम की है, लेकिन अब तक मुक्तिधाम और इसके आसपास सफाई नहीं की गई है। लोगों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है।

## नवरात्रि में डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों को धूल भरी सड़कों में होगी परेशानी



दुर्ग। शारदीय नवरात्रि में बम्लेश्वरी देवी मंदिर जाने वाले पदयात्रियों को लेकर अब तक तैयारी पूरी नहीं हो पाई है। 11 अक्टूबर से नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इस बीच रायपुर नाका से शिवनाथ ब्रिज सड़क व जेल से पुलगांव बाय पास रोड की जर्जर व धुल युक्त सड़कों के गड्ढों व निर्माणधीन सड़क में धूल से लोग परेशान हो रहे हैं। इन रास्तों से रायपुर भिलाई व दुर्ग के हजारों श्रद्धालु पद यात्रा कर डोंगरगढ़ पहुंचते है। साथ हीं इन दोनों प्रमुख रास्ते के अधिकांश स्ट्रीट लाइट बन्द हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क का मेंटेनेंस कराने और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। लोगों ने स्ट्रीट लाइट जल्द चालू कराने की अपील की है। साथ ही ट्रैफिक व्यस्था को भी सुधारा जाए बढ़े वाहनों की गति भी नियंत्रित करने की मांग की है। जय नवयुवक दुर्गा समिति पद्मनाभपुर ने प्रशासन से अपील की है कि दुर्गा स्थापना हेतु प्रतिमा पंडालों में पहुंच रही है, किन्तु रोड में ट्रैफिक अधिक होने से थनोद से दुर्ग के प्रमुख मार्ग में जाम लग रहा है

# सेवा संकल्प शिविर में एक छत के नीचे मिली सेवाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा प्रशासन की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड 38 सोमनी स्थित सामुदायिक भवन में शिविर लगाया गया। शिविर में वार्ड 31 से 40 तक के नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया।

शिविर में निगम और संबंधित विभागों के कर्मचारी अलग-अलग काउंटरों पर मौजूद रहे। यहां नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों से आवेदन भी लिए गए। लोगों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई और आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित जानकारी भी दी गई। सफाई और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं के साथ नागरिकों की विभिन्न मांगों और शिकायतों के आवेदन भी शिविर में लिए गए। लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं और उनके निराकरण की मांग की। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

आयुक्त डीएस राजपूत ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के जरिए सरकारी योजनाओं और सेवाओं को लोगों के घर के नजदीक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही नहीं, बल्कि नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण की प्रक्रिया को भी आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ने के साथ जनभागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा।

## कबीर वाटिका की साफ सफाई




भिलाई। सेवा संकल्प अभियान के तहत साहू समाज द्वारा वार्ड 12 कोहका कबीर वाटिका में साफ सफाई की गई। अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि इस सफाई कार्य में लोगों ने बढ़ चढ़कर अपनी

# अनुदान प्राप्त कॉलेजों के शिक्षकों व कर्मियों की पेंशन हो बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बहुजन समाज पार्टी द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

■ बीएसपी ने सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 01-09-2026 के शासन के इस आदेश से प्रदेश के हजारों सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय हुआ है। शासन ने 100% अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के पेंशनरों को उसी वेतनमान में पेंशन देने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद में अमान्य कर दिया है। 2010 से चले आ रहे आदेश को भी निरस्त कर दिया है, जिसके तहत पेंशनरों को ग्रेच्युटी एवं पेंशन मिल रही थी। उन्होंने कहा कि, जिन शिक्षकों ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के क्षेत्र में दिया, आज वृद्धावस्था में सरकार उन्हें लोकहित में नहीं कह कर पेंशन से वंचित कर रही है। बहुजन समाज पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को ये जनविरोधी आदेश तत्काल वापस लिया जाए। पेंशनरों को उसी वेतनमान के अनुसार पेंशन और ग्रेच्युटी दी जाए जिससे वे सेवानिवृत्त हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट में सरकार पेंशनरों के खिलाफ पैरवी बंद करे। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विनोद वासनिक, भूषण नादिया, कृष्णा कोर्सेवाड़ा, मुकेश महिलागे, रमाशंकर अजगल्ले, सचिन गवई, देवाआनंद कुंभकार व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## मैत्रीबाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन समारोह

# सैकड़ों बच्चों ने दिया वन्य प्राणियों के संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं के उद्यानिकी विभाग के तत्वावधान में पिछले हफ्तेभर से चल रहे वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को मैत्रीबाग में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक गुरुनाथन एन और विशेष अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाठक व जीएम डॉ. एनके जैन और विक्रांत शरण उपस्थित थे।

■ अतिथियों ने किया विजेताओं को पुरस्कृत





विभिन्न प्रतियोगिताओं को विजेजा विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। सप्ताह के दौरान भिलाई के बीएसपी व नान बीएसपी स्कूलों के विद्यार्थियो के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में 700 से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतियोगिता में इतनी बड़ी संख्या में बच्चों ने अपनी सहभागिता देकर इस बात को प्रमाणित कर दिया है कि वन्य प्राणी संरक्षण ममाह जैसे कार्यक्रम जन जागरूकता का आधार स्तंभ है। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क चिड़ियाघर का भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें जू एजूकेशन का लाभ मिला। वन्य प्राणी संरक्षण जैसे कार्यक्रम का आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक होते है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी जागरूक करने में महायक और कारगर सिद्ध होते हैं। ईडी पवन कुमार ने कहा कि किमी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए मवमे मूलभूत चीज़ टीम वर्क होता है जो समन्वय बनाने पर पैदा होती है और ममन्वय मफलता का आधार होता है इसलिए भी शायद भिलाई इस्पात सयंत्र ने टीम की बदौलत संपूर्ण विश्व मे एक अलग पहचान बनाई है। सीजीएम प्रभारी श्रीनिवासन ने आयोजन की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण में जागरुकता का आह्वान किया।

### स्कूली बच्चों के चित्रों व भाषण में दिखी प्रतिभा हुई हौसला आफजाई

बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग और उनके द्वारा दिए जाने वाला भापण इस विलुप्तता को बचाने के जागरुकात का संदेश है। वन्य प्राणियों का संग्क्षण करके हम प्रकृति और पर्यावरण दोनों को सुरक्षित रख सकते हैं। आरंभ में मैत्रीबाग प्रभारी डां. जैन ने वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के विभिन्न प्रतियोगिताओं व बच्चों की सहभागिता पर प्रकाश डाला। एजीएम विक्रांत शरण ने प्रतिभागी बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की।

## खबर संक्षेप

### प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** धारदार हथियार से प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि उत्कल नगर दुर्ग निवासी पवन सिन्हा अपने घर जा रहे थे। तभी पड़ोसी गणेश मलिक, नीलकमल ठाकुर उर्फ नरेश ठाकुर के बीच विवाद हो रहा था। पीड़ित पहुंचकर बीच-बचाव कर विवाद शांत कराने का प्रयास किया। आरोपी ने उसे जान से मारने की नीयत से धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से पेट के बाईं ओर वार करने से पीड़ित जमीन पर गिर पड़ा। शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई। पीएम आवास, ब्लॉक एल, क्वार्टर नंबर एफ/1 दुर्ग निवासी नीलकमल ठाकुर उर्फ नरेश ठाकुर को पकड़ा गया। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त किया गया।

### 14 को संगीतमय प्रस्तुति और 15 को चुनरी यात्रा

**ओखरा / मुरमुन्दा।** ग्राम मोहदी में इस वर्ष भी नवरात्र महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अमन शर्मा ने बताया कि 14 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन व जस गायक अनुराग शर्मा की संगीतमय प्रस्तुति होगी। वहीं 15 अक्टूबर को भव्य चुनरी यात्रा एवं रोड शो निकाला जाएगा।

### धनोरा में विदेशों से भी जलीं 195 मनोकामना ज्योत



**उतई।** पावन धाम बाबा दरबार धनोरा में इस नवरात्रि कुल 195 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई हैं। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि इस वर्ष कनाडा और अमेरिका में रह रहे भक्तों ने भी ऑनलाइन माध्यम से मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराई है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ एवं भिलाई के सैकड़ों श्रद्धालुओं की ज्योत जल रही है। प्रथम दिन पंडित विनय शर्मा एवं लक्ष्मण बाबा द्वारा विधि-विधान से घटस्थापना की गई। इस अवसर पर विनोद कुमार साहू, नंद पंडा, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, योगेश साहू, भोलू, खिलेश्वर साहू, सुंदर सपरे, दिनेश यादव, रामू यादव, ओमकार साहू, टीकम साहू, गुमान साहू, मारियल साहू, गुलाब साहू, एम. लाल देवांगन, राजू देशमुख, बबलू, गज्जू रायपुरीहा, जीवराखन ठेकेदार, बाबूलाल साहू, वासुदेव, पूर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल, हेमंत साहू, भजन गायक चेतन साहू तथा महिला श्रद्धालु शामिल हैं।

### स्कूली बच्चों को परोसा नेवता भोजन, बांटे फल



**जामगांव आर।** पितृपक्ष के अंतिम दिन सेवा सहकारी समिति कुम्हली में कार्यरत लिपिक गिरिराज अग्रवाल एवं दीपक वर्मा ने अपने पितरों की स्मृति में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हली के बच्चों को नेवता भोजन के तहत फल वितरित कर पितरों का आशीर्वाद लिया। दीपक वर्मा ने कहा कि जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ जैसे अवसरों पर महंगे होटलों में खर्च करने के बजाय नौनिहालों के बीच खुशियां बांटनी चाहिए। प्रभारी प्रधान पाठक छन्नूलाल साहू ने इस पहल को मानवीय मूल्यों के संरक्षण का प्रतीक बताया। इस अवसर पर शिक्षक हुसन लाल चंद्राकर एवं सीमा चंद्राकर उपस्थित रहे।

## निधन

### करुणा बंसल

**भिलाई।** करुणा बंसल पति स्व. धर्मपाल बंसल का निधन 11 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 अक्टूबर सोमवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे रजनीश, राहुल बंसल की मां थीं।



राज्य स्थापना दिवस के उल्लास के बीच उपेक्षा का दंश झेलता जामगांव आर

# राजनीतिक निष्क्रियता और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सिसकती 85 हजार की आबादी

आसकरण जैन ▶▶ जामगांव आर

छत्तीसगढ़ राज्य आगामी 1 नवंबर 2026 को अपनी स्थापना का 27वाँ वर्षगांठ मनाने जा रहा है। पूरे प्रदेश में इस अवसर पर उत्सव का माहौल रहेगा और चारों ओर विकास के दावों के साथ खुशियों की लहर दिखाई देगी। परंतु दुर्ग जिला मुख्यालय से मात्र 35 किलोमीटर दूर स्थित एक प्रमुख केंद्र स्थल 'जामगांव आर' की तस्वीर इससे बिल्कुल जुदा होगी। लगभग 50 गांवों का केंद्र बिंदु और 85 हजार की आबादी की जीवनरेखा होने के बावजूद, यह क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से पूरी तरह वंचित है। दो प्रमुख राजनीतिक दलों (भाजपा और कांग्रेस) के सियासी चक्रव्यूह और वादों के बीच पिसता जामगांव आर आज भी विकास की एक-एक किरण के लिए तरस रहा है। स्वतंत्रता के सात दशकों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यहां स्वास्थ्य, प्रशासनिक और संचार सेवाएं शून्य स्तर पर हैं, जो सरकार के सुशासन के दावों पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा करती हैं।

**सियासी चक्रव्यूह में फंसे ग्रामीण, वर्षों पुराने वादों पर नहीं हुआ अमल**




### राष्ट्रपति की मुहर के वर्षों बाद भी विकासखंड का दर्जा अधूरा

जामगांव आर को ब्लॉक (विकासखंड) का दर्जा न मिलना क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन की घोर निष्क्रियता को उजागर करता है। वर्ष 2013 में जामगांव आर को विकासखंड बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक, संसदीय सचिव और प्रशासनिक मशीनरी के सहयोग से सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं, जिसके बाद सितंबर 2016 में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की खबर भी सामने आई थी। हालांकि, 2018 में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद यह जनहितैषी मामला कागजों और फाइलों के ढेर में दबकर रह गया। सत्ता परिवर्तन के दौर में ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडलों ने शीर्ष नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्रियों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर गुहार लगाई, लेकिन हर बार केवल खोखले आश्वासन ही हाथ लगे। वर्तमान में क्षेत्रीय संरचनाएं और पर्याप्त अधोसंरचनाएं उपलब्ध होने के बावजूद, कम लागत में प्रारंभ हो सकने वाले इस विकासखंड को दर्जा न देना क्षेत्र की जनता के साथ सीधा अन्याय है।




### 50 बिस्तर अस्पताल की जगह एक प्राथमिक मरहम-पट्टी का भी टोटा

जामगांव आर एक समृद्ध व्यापारिक और शैक्षणिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन उपतहसील, थाना, शासकीय कॉलेज, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और बैंकों के सिलसिले में हजारों ग्रामीणों व 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं की आवाजाही लगी रहती है। इतने महत्वपूर्ण केंद्र स्थल में 50 बिस्तरों वाले पूर्ण विकसित शासकीय अस्पताल की नितांत आवश्यकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि प्राथमिक उपचार और साधारण खरोंच पर लगाने के लिए टिंचर तक की सुविधा उपलब्ध नहीं है। गंभीर बीमारियों अथवा सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में मरीजों और घायलों को त्वरित इलाज के अभाव में 35 से 40 किलोमीटर दूर दुर्ग या धमतरी भागना पड़ता है। इस आपाधापी में कई ग्रामीण रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। छोटे-छोटे अंदरूनी गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, परंतु 50 गांवों का मुख्य केंद्र होने के बाद भी जामगांव आर में स्वास्थ्य सेवा का शून्य होना बेहद शर्मनाक और संवेदनशील नेताओं के लिए आत्म-अवलोकन का विषय है।

### आधुनिक दौर में भी उप-डाकघर से महरूम क्षेत्र

संचार और डिजिटलाइजेशन के इस आधुनिक दौर में भी जामगांव आर का डाक तंत्र अंग्रेजों के जमाने की पुरानी व्यवस्था पर निर्भर है। आज भी डाकिया साइकिल पर डाकों का थैला लादकर 13 से 30 किलोमीटर दूर गुंडरदेही उप-डाकघर तक पहुंचाने के लिए विवश हैं। जामगांव आर के आसपास लगभग 10 से 13 शाखा डाकघर (जैसे रानीतराई, निपानी, रनचिराई, भाठागांव, मर्रा, चुरपा आदि) स्थित हैं, जिनकी दूरी गुंडरदेही से काफी अधिक है, जबकि जामगांव आर से ये मात्र 3 से 11 किलोमीटर के दायरे में आते हैं। यदि जामगांव आर में उप-डाकघर खोल दिया जाए, तो न केवल आम जनता और व्यापारिक वर्ग को बेहतर डाक सेवाएं मिलेंगी, बल्कि डाक विभाग के राजस्व में भी भारी बढ़ोतरी होगी। जनप्रतिनिधियों और 13 ग्राम पंचायतों द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य प्रबंधक और प्रवर अधीक्षक को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद डाक विभाग के फील्ड अफसरों की लापरवाही और चुप्पी इस अव्यवस्था को लगातार बढ़ावा दे रही है।

# योग का अलख जगाए रखना हमारा परम कर्तव्य : महमल्ला






■ जामगांव आर में नि: शुल्क योग शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन एवं सम्मान समारोह रविवार को हुआ। सुबह साधकों ने कतारबद्ध होकर प्रभातफेरी निकाली। यह जुलूस गुंडरदेही मुख्यमार्ग, बोरवाय रोड, ग्राम पंचायत मार्ग, कलामंच, राम मंदिर मार्ग, सदर लाइन और पटेल पारा होते हुए किसान चौक पहुंचा, जहां स्करेंगे योग, रहेंगे निरोगस्र के नारे लगाए गए। तत्पश्चात साधक बेलहारी रोड से कदमताल करते हुए योग स्थल पहुंचे और शवासन में विश्राम के बाद स्पर्धात्मक योग में शामिल हुए। शिविर में सुबह 5 बजे से 7 बजे तक का समय प्रबंधन, अनुशासन और स्व-अनुशासन देखने को मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी हलधर महमल्ला ने कहा कि 'योग अपनाएं, स्वस्थ भारत बनाएं'की मंशा के साथ योग की अलख जगाना हमारा कर्तव्य है। साहू समाज परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पारखत साहू, सेजस बेलहारी के पूर्व प्राचार्य वाई. के. साहू और हेडमास्टर सी. एल. साहू, मानस मर्मज्ञ भेल कश्यप (भेल चंद्राकर) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच पर परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, पूर्व प्राचार्य वाई. के. साहूवरिष्ठ समाजसेवी बेनीराम साहू, समिति उपाध्यक्ष ढालसिंह साहू एवं सचिव संतोष साहू मंचासीन रहे। अतिथियों ने योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले साधकों को 'योग मैट' भेंटकर सम्मानित किया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में अलोम-विलोम में हिमांशु, गोमुख आसन में मेघराज, वृक्षासन में टिकेश्वरी तथा गुप्त वज्रासन में टिकेश्वरी ढीमर ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। साथ ही शासकीय कॉलेज जामगांव आर से टीम लेकर आई ग्रुप लीडर तामेश्वरी सहारा को भी योग मैट भेंटकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समिति द्वारा आगामी 25 अक्टूबर को ग्राम धमना में एक दिवसीय योग शिविर आयोजित करने की घोषणा की गई है।

# जेपी जयंती पर हुई गोष्ठी, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, एचएससीएल कॉलोनी जेपी प्रतिष्ठान में रूआबांधा की ओर से जेपी की जयंती पर गोष्ठी हुई। अतिथियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद एचएमएस के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र ने स्वागत उद्बोधन दिया।

छग क्रांति सेना ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।आम नागरिकों के प्रदर्शनों को कुचलने के लिए दिल्ली को छावनी बनाना लोकतंत्र का गला घोटने जैसा है।मुख्य अतिथि प्रो. डीएन. शर्मा ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार ही हमारे लोकतंत्र की असली ताकत और रीढ़ हैं। जब इन बुनियादी अधिकारों पर ही सुनियोजित हमले होने लगें, तो समझ जाना चाहिए कि हमारा जनतंत्र गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि आपातकाल के दौर में भी देश की जनता ने खिलाफ डटकर आवाज उठाई थी। आज फिर से वही परिस्थितियां बन रही है। इस अवसर पर समिति के सचिव जीवननंदन राय सहित रेखा शर्मा, नंदकिशोर साहू, देवेंद्र यादव, सदस्य हरि प्रसाद, समाजवादी नेता त्रिलोक मिश्रा, अधिवक्ता जमील अहमद, भूपेंद्र यादव, रू योगेश साहू, राकेश कुमार पांडे,अजय देवगन, रामविलास यादव, राम हुलास, लक्ष्मण यादव, नथुनी भगत, विजय वर्तमान, नंदकिशोर साहू, मुमताज, हरिप्रसाद, प आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार विनोद साव और व कवि शरद कोकास को सम्मानित किया गया। अतिथियों से सम्मान प्राप्त करने के पश्चात दोनों साहित्यकारों ने आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# पूरी की गोदभराई और अन्नप्राशन की रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम पंचायत अंजोरा स्थित अटल समरसता भवन में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम

■ दिया 'हर घर मुनगा' का संदेश, हुआ सम्मान

अधिकारी अशोक कुमार पांडे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू एवं परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य संगीता साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, महिला मोर्चा अध्यक्ष (अंजोरा) रामकली साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष (उतई) शीतला ठाकुर, अंजोरा मंडल से यामिनी हरमुख, सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू तथा पंचगण ममता साहू, करण वैष्णव एवं खिलेश्वर साहू उपस्थित रहे।




परियोजना अधिकारी श्रीमती ऊषा झा ने सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बेटियों के खाते खुलवाने की अपील की। पर्यवेक्षक गीतांजली भैंसारे, शशि रैदास एवं प्रमिला वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा की पोषण विशेषज्ञ डॉ. निशा शर्मा ने बच्चों को जंक फूड से बचाने, एनीमिया रोकथाम तथा गर्भवती व शिशुवती माताओं को संतुलित व पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। वहीं डॉ. गायत्री मढ़रिया ने जच्चा-बच्चा कार्ड की उपयोगिता रेखांकित की। कार्यक्रम के दौरान तीन गर्भवती माताओं-दिलेश्वरी, फुलनाज व दीप्ति साहू की गोदभराई तथा शिशुओं ज़ियांशी यादव व आरव यादव का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध




**दुर्ग।** दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

### अग्निशमन व औद्योगिक सुरक्षा में रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर और सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू है। 10वीं, 12वीं, स्नातक और स्नाकोत्तर किसी भी संकाय से आयु 17 से 40 वर्ष फायर और औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम व फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है। मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान और रोजगार विकास के लिए पंजीकृत संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है। फायर और औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों पर होता है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन और अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है। संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट सहित अन्य कंपनियों में कार्यरत कर रहे है। संस्था भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर और सेफ्टी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों और सफल अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। सभी जाति वर्ग के संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।





### परसदा में जप-साधना से नवरात्रि की शुरुआत

**अंडा।** ग्राम परसदा (डगनिया) स्थित गायत्री मंदिर में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने एकाग्रचित्त होकर जप-साधना एवं माला जाप किया। क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर आयोजित इस साधना कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. कुलेश्वर प्रसाद, लिलेश्वर साहू, लालचंद बंशीलाल, प्रीत साहू, वीरकांत, गजेंद्र कुमार साहू, कुंजलाल, नागेश्वर यादव, चिंती बाई, सरस्वती साहू एवं सत्यवती साहू आदि उपस्थित थे।

# 80 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, जामगांव एम उपक्षेत्र के सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री

■ चंद्राकर समाज के लोगों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जताया आभार

विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करने समाज का प्रतिनिधिमंडल रायपुर पहुंचा। चंद्राकर समाज उपक्षेत्र जामगांव एम के अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर के नेतृत्व में समाजजनों ने विजय शर्मा से भेंट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। लोकमणि चंद्राकर ने बताया कि सामाजिक सम्मेलन में विजय शर्मा ने समाज की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जामगांव एम में 53 लाख रुपये, तर्रा में 12 लाख रुपये और लोहरसी में 15 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की थी। इस दौरान जामगांव एम उपक्षेत्र के अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर, सचिव भूषण चंद्राकर, लवकुश चंद्राकर, राज प्रतिनिधि कमलेश चंद्राकर, सरपंच चेतन चंद्राकर, सुरेश, अवीक, राकेश, हेमंत, कमल नारायण, हेमंत, रोहित, वेदप्रकाश, प्रहलाद, मुकेश, ईश्वर, संजय, युधिष्ठिर, नारायण, कुंजलाल, ईश्वर, नरेश, गेंदालाल, शीतल, दामोदर, भारती चंद्राकर, योगेश्वरी चंद्राकर, झीठ सरपंच रूपेंद्र साहू, लोहरसी सरपंच राकेश साहू, सरपंच तुलसी सिन्हा और सरपंच कमलेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।





नवरात्रि के दूसरे दिन

# माता ब्रह्मचारिणी की आराधना

नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्मा का अर्थ है तप, साधना और ज्ञान, जबकि चारिणी का अर्थ है आचरण करने वाली। इस प्रकार माता ब्रह्मचारिणी वह स्वरूप हैं, जो कठोर तप, संयम और ज्ञान का प्रतीक मानी जाती हैं।



माता तप, संयम और ज्ञान की देवी मानी जाती हैं।

माता साधना और त्याग का प्रतीक है।

माता ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी

इस रूप से हमें धैर्य, साहस और आत्मबल की प्रेरणा मिलती है

माता की पूजा से साधक को आत्मसंयम और स्थिरता की प्राप्ति होती है

माता ब्रह्मचारिणी की कृपा से कठिनाइयों को सहने की शक्ति मिलती है

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में दूसरा स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी का है। उनका स्वरूप अत्यंत सौम्य, शांत, सरल और तपस्विनी के रूप में वर्णित किया गया है। मां ब्रह्मचारिणी त्याग, तपस्या, संयम, धैर्य और दृढ़ संकल्प की प्रतीक हैं। उनके मुखमंडल पर अद्भुत तेज और शांति दिखाई देती है, जो भक्तों के मन में श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उनका संपूर्ण स्वरूप यह संदेश देता है कि आत्मसंयम, साधना और अटूट इच्छाशक्ति के माध्यम से जीवन के कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता है।

## दो हाथों में जपमाला और कमंडल

मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप अन्य देवी स्वरूपों की तुलना में अत्यंत सादा और तपस्विनी जैसा है। वे श्वेत वस्त्र धारण किए हुए दिखाई देती हैं, जो पवित्रता, शांति, सरलता और निर्मल विचारों का प्रतीक माने जाते हैं। उनके एक हाथ में जपमाला होती है, जबकि दूसरे हाथ में कमंडल सुशोभित रहता है। जपमाला निरंतर ईश्वर-स्मरण, एकाग्रता, भक्ति और साधना का प्रतीक है। वहीं कमंडल तपस्वी जीवन, त्याग, सादगी और आत्मानुशासन का संदेश देता है। उनके हाथों में अस्त्र-शस्त्र के स्थान पर ये साधना से जुड़ी वस्तुएं उनके तपस्विनी स्वरूप को विशेष बनाती हैं।

## मुखमंडल पर शांति और तेज का भाव

मां ब्रह्मचारिणी के चेहरे पर गंभीरता के साथ सहज सौम्यता दिखाई देती है। उनका शांत मुखमंडल मानसिक स्थिरता, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है। उनके स्वरूप में बाहरी वैभव की अपेक्षा आंतरिक शक्ति और आध्यात्मिक तेज को प्रमुखता दी गई है। वे यह प्रेरणा देती हैं कि वास्तविक शक्ति केवल शारीरिक सामर्थ्य या भौतिक साधनों में नहीं, बल्कि मन की दृढ़ता, विचारों की पवित्रता और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण में निहित होती है।

## तपस्या से जुड़ी है मां ब्रह्मचारिणी की कथा

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी पूर्वजन्म में दक्ष प्रजापति की पुत्री सती थीं। अगले जन्म में उन्होंने पर्वतराज हिमालय के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए उन्होंने कठोर तपस्या की। कहा जाता है कि उन्होंने लंबे समय तक कठिन साधना और संयम का पालन किया। उनकी तपस्या इतनी कठोर थी कि उन्होंने पत्तों तक का त्याग कर दिया। इसी कारण उन्हें अपर्णा नाम से भी जाना जाता है। उनकी अटूट साधना, धैर्य और समर्पण के कारण उनका यह स्वरूप ब्रह्मचारिणी कहलाया।

## भक्तों को मिलता है संयम और आत्मबल का संदेश

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि उनकी आराधना से भक्तों को धैर्य, आत्मविश्वास, संयम और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति प्राप्त होती है। मां का यह स्वरूप साधकों को मन की चंचलता पर नियंत्रण रखने, अपने विचारों को सकारात्मक बनाने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। आध्यात्मिक परंपरा में नवरात्रि के दूसरे दिन की साधना को स्वाधिष्ठान चक्र से भी जोड़ा जाता है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी व्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22k), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
• जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
• शॉप नं.-64 बी, इंदिरा मार्केट, दुर्ग
• बाजार चौक, कुम्हारी

महेन्द्र हॉस्पिटल
आपके स्वास्थ्य की हम रखते हैं ख्याल...
• सोनोग्राफी • एक्स-रे • पैथोलॉजी • एक्सपर्ट • मेडिकल
• न्यूरो मेडिसिन • अर्थो सर्जरी • प्रसूति एवं स्त्री रोग • बच्चों का डॉक्टर • एम.डी. मेडिसिन • छाती रोग विशेषज्ञ • जनरल सर्जरी
नोट: मनोरोग विशेषज्ञ हर महीने के आखिरी दिन उपलब्ध
ओशो उपचार नाला के पास, अमदा रोड, भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
Call: 9343889419, 7974497892

GK ENTERPRISES
SOLAR INSTALLATION & MAINTENANCE
प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना
सोलर से बचाएं पैसा बढ़ाएं भविष्य
अब घर को बनाएं बिजली बिल से आज़ाद
सोलर पैनल की बिक्री व इंस्टॉलेशन | सिस्टम डिजाइन और कंसल्टेशन | ऑन-ग्रिड / ऑफ-ग्रिड सोलर सिस्टम | बैटरी, इन्वर्टर व अन्य उपकरण | सर्विस और मेंटेनेंस
सरकारी सब्सिडी का लाभ | उत्तम गुणवत्ता के उपकरण | अनुभवी तकनीशियन द्वारा इंस्टॉलेशन | लंबी अवधि की गारंटी
9644263006 | 6263878272
कुरुंद रोड, कोहका भिलाई (छ.ग.) CLEAN ENERGY GREEN INDIA
Residential Solar System | Commercial Solar System | Agriculture Solar Pump | Solar Street Light | Solar Water Heater
सही समाधान हर घर के लिए

GeM Government e Marketplace
Efficient • Transparent • Inclusive
जेम टेंडर के माध्यम से आर्डर लिए जाते हैं।
आपकी सुरक्षा- हमारा कर्तव्य
BHILAI TRADING CO.
"Passionate for Your Safety Awarness"
RAVI KOTIKALA
FIRE & SAFETY CONSULTANT
Our Proud Partner
Shop No. 11, Block 09, Priyadarshani Parisar, East Supela, Bhilai, Dist.-Durg (CG), Mob. : +919406461642
email :bhilaitradingco@gmail.com, email : bhilaitrading@ceasefirecba.com

नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
प्लॉट, मकान, खेत, खरीदी बिक्री हेतु सम्पर्क करें
श्री गणेश हाऊस प्लानिंग
ARCHITECT / INTERIOR
प्रोपर्टी डेवलपर्स एवं कंस्ट्रक्शन वर्क
• प्लॉट लेआउट प्लानिंग • बिल्डिंग परमिशन प्लानिंग
• इंटीरियर डिजाइन • नियमितिकरण
• मेडिकल ड्रोइंग • भवन पूर्णताः प्रमाण पत्र
• वास्तु प्लानिंग • भवन अनुज्ञा
• स्ट्रक्चरल डिजाइन • ट्रेक्टर पायलिंग कांट्रेक्टर
• बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर • पी.ओ.पी. डिजाइन एण्ड वर्क
स्ट्रक्चर 950/- Sq.ft.से | कम्प्लीट 1400/- Sq.ft.से
अवंती बाई चौक, कुरुन्द रोड, कोहका, भिलाई
7225988491, 9300520481

दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-
श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।
माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

16 वर्षों से आपकी सेवा में
श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
• नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
• व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
• मकान-संतान योग
• दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
• कालसर्प दोष निवारण
• प्रेम विवाह, मोहनी
• मांगलिक दोष निवारण
ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा
समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों, समाधान हमेशा संभव है...
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ पं.रविकांत शर्मा पं.एस.के. शास्त्री
मनमोहनी स्पेशलिष्ट
खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान
क्यों चुनें हमें ?
• 16 वर्षों का अनुभव
• सटीक एवं सरल समाधान
• गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
• व्यक्तिगत मार्गदर्शन
• श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा
ऑफिस आने पर मात्र ₹101
फोन से परामर्श मात्र ₹251
PAYMENT QR CODE
हमारी प्रमुख सेवाएं
जन्म कुंडली विश्लेषण — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
संतान योग — संतान प्राप्त, संतान सुख
वैवाहिक जीवन — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
वास्तु शास्त्र — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
करियर एवं व्यवसाय — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
हस्तरेखा विज्ञान — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
धन एवं समृद्धि — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
प्रश्न कुंडली — तत्काल समाधान, सही दिशा
बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 747 067 4060
पोलसाय पारा चौक, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567
नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

# हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

# लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


02



एकल गायन प्रतियोगिता में 45...

**लाइव इवेंट**

## कांशीराम ने सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति की चेतना को किया मजबूत



**भिलाई।** बहुजन समाज पार्टी जोन इकाई के तत्वावधान में बहुजन नायक एवं बहुजन समाज के प्रेरणास्रोत साहब कांशीराम के 20 वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एकदिवसीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह श्रद्धांजलि सभा बड़ा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में आयोजित हुई। कार्यक्रम में बहुजन समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समर्थकों और शुभचिंतकों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए। कांशीराम जी ने 21वीं सदी के महानायक के रूप में भारतीय राजनीति की दिशा एवं दशा को बदलने, करोड़ों दलित-शोषित, आदिवासी, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक और संगठित करने तथा सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति की चेतना को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने बामसेफ, डीएस-4 एवं बहुजन समाज पार्टी के माध्यम से बहुजन समाज को राजनीतिक मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम में पामगढ़ के पूर्व विधायक, रायपुर के मुख्य जोन प्रभारी दाऊराम रत्नाकर, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि में करमन खटकर, भूषण नादिया, रमाकांत कैवर्त, डॉ. जय प्रकाश बंजारे, सूरज तांडी, टी. दास, रानी सोनवानी, हिमांशु खरे, संत कुमार केसकर, डॉ. एडी बनर्जी, नोहर लाल कोसेवाड़ा, नेत राम गिलहरे, शांति लाल मिर्चे, युवलराज बांधे एवं भागवत बाजरे सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न जिलों से पार्टी के जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं सामाजिक प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद वासनिक जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी दुर्ग ने की, विशेष वक्ताओं में भन्ते बुद्ध घोष, प्रह्लाद साहू, प्रयाग साहू, नैन दास गायकवाड़, शशिकपूर बंजारे, डॉ. संतोष मारिया, जालंधर डोंगरे, दिनेश कुमार मधुकर सहित अन्य मौजूद थे।

**लाइव इवेंट**

## नन्हें मुन्ने बच्चों को आश्रय में छोड़कर जाने वाली माताओं का विश्वास जीतने के लिए करना होगा काम : सांसद



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने तालपुरी भिलाई में मां का आंचल प्ले स्कूल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कॉलोनी की बड़ी संख्या में महिलाएं, गणमान्य नागरिक और नन्हें-मुन्ने बच्चों की उपस्थिति से पूरा कार्यक्रम अत्यंत ममतापूर्ण नजर आया। विजय बघेल ने कहा कि प्रत्येक परिवार में माताओं को अपने नन्हें-मुन्ने बच्चों से बहुत स्नेह होता है,बहुत ममता होती है। वे अपने नन्हें-मुन्नों को कहीं छोड़कर जाती हैं, तो मतलब अपने कलेजे का टुकड़ा छोड़ कर जाती हैं. उन्होंने स्कूल के संचालकों को आव्हान करते हुए कहा कि हम बच्चों का प्ले स्कूल चला रहे हैं तो हमें, यहां हमेशा इसका प्रयास करना चाहिए कि अपने कलेजे का टुकड़ा आपके पास छोड़कर जाने वाली माताओ का भरोसा कभी नहीं टूटे। तालपुरी कॉलोनी के बी ब्लॉक में लगभग 1200 परिवार रहते हैं जिसमें से 400 के आसपास कामकाजी महिलाएं हैं। काम पर जाने वाली महिलाओं के बच्चों का देखभाल करने, उन्हें समुचित संस्कार देने, खेल-खेल में शिक्षा देने के उद्देश्य से इस प्ले स्कूल को शुरू किया गया है। इसमें एक वर्ष से 7 वर्ष तक के बच्चों को रखा जाएगा। यहां अनुभवी शिक्षिकाओ के द्वारा देख-रेख की जाएगी। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती देवी की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर औपचारिक रूप से स्कूल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पाटन जनपद पंचायत के सभापति खेमलाल देशलहरे, पार्षद सविता धवस, माया बेलचंदन, कॉलोनी के अध्यक्ष सुनील चौरसिया, कोषाध्यक्ष आरएन साहू, खुमान दास, रेखा सिंह, इंदु साहू, लता साहू, शकुंतला, राम गोपाल साहू, श्यामलाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### बोरई में गोद भराई, अन्नप्राशन और प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**दुर्ग-अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में दुर्ग ग्रामीण परियोजना के सेक्टर नगपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरई में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन तथा परियोजना अधिकारी उषा झा के दिशा-निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन रहीं। इस अवसर पर सरपंच ओमेश्वर यादव, पूर्व सरपंच परमानंद यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष रामकली साहू, पूर्व जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, शिवकुमारी वैष्णव, डॉ. विनीत सिरमौर एवं एएनएम रीना निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनने में मदद मिली है।

● हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में 19 अक्टूबर तक वेल्डेक्स ग्राउंड में गरबा का आयोजन

# गरबा और डांडिया में झूमी ट्विनसिटी, वेल्डेक्स ग्राउंड में फ्री एंट्री, पहले दिन जमकर थिरकीं महिलाएं और युवतियां

हर बार की तरह इस बार भी सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड में गरबा और डांडिया के जरिए माता को प्रसंन्न करने का दौर शुरू हो चुका है। पहले दिन विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ आयोजन की शुरुआत की गई। हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति द्वारा आयोजित इस आयोजन में पहले दिन महिलाएं और युवतियां जमकर थिरकती नजर आईं। आयोजन देर रात तक जारी रहा। आने वाले हर व्यक्ति को फ्री एंट्री दी गई, जिसकी वजह से लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी। शारदीय नवरात्र के पहले दिन गरबा गीतों और ढोलक की थाप पर बालिकाएं घंटों तक थिरकती नजर आईं। गरबा पंडालों के आसपास रंगबिरंगी विद्युत सज्जा की गई थी, जिससे उत्सव का माहौल और भी आकर्षक हो गया।

**भिलाई।** विभिन्न गरबा समूहों के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड भी निर्धारित किए गए थे। मां की भक्ति, हिंदी, गुजराती गीतों और डांडिया की खनक के साथ गरबा की रंगीन शाम सजी। शहर में इसे लेकर खासा उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाले इस महोत्सव में शहरवासी परिवार और दोस्तों के साथ डांडिया एवं गरबा की उमंग में शामिल हो सकेंगे। 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड में आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि हरिभूमि की ओर से डांडिया महोत्सव का आयोजन लगातार 15 वर्षों से किया जा रहा है। इस आयोजन ने शहर में अपनी अलग पहचान बनाई है और हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इसमें उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं। इस बार भी नौ दिनों तक डांडिया और गरबा की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव को खास बनाने की तैयारियां की जा रही है। आयोजन में शामिल होने वाले लोगों के लिए हर दिन आकर्षक उपहार भी रखे गए हैं। वेल्डेक्स ग्राउंड में संगीत, डांडिया और उत्सव का माहौल देखने को मिलेगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ इस नौ दिवसीय डांडिया महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति के इस आयोजन को सफल बनाएं। इस बार ट्विनसिटी में डांडिया को लेकर खास आकर्षण देखने को मिल रहा है।

### गरबा और डांडिया के स्टैप्स भी सिखाए जाएंगे

आयोजन के दौरान लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें गरबा और डांडिया के स्टैप्स सिखाए जाएंगे। हर बार की तरह इस बार भी आयोजन में हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रतिदिन 500 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। गरबा डांडिया की विभिन्न शैलियों और नृत्य की बारीकियां सिखाई जाएंगी। समिति का उद्देश्य महोत्सव में शामिल होने वाली महिलाओं, पुरुषों और युवतियों को पहले से तैयार करना है, ताकि वे आयोजन के दौरान बेहतर प्रस्तुतियां दे सकें। आयोजकों ने बताया कि गरबा डांडिया प्रशिक्षण में युवतियों को तालियों, पैरों की गति और डांडिया की छड़ियों के तालमेल से जुड़े स्टेप बताए जाएंगे, जिनमें बे ताली और तीन ताली प्रमुख हैं। इसके अलावा हिंच स्टेप में शरीर को आगे-पीछे और साइड में झुकाकर हाथों की मुद्राओं के साथ नृत्य करना बताया जाएगा।

















**शुकराना महोत्सव में गूंजा सेवा, संस्कार और कृतज्ञता का संदेश, भिलाई में पंचदश शुकराना महोत्सव**

# पितरों को किया नमन, निरंकारी महात्माओं का सम्मान कर प्रेम और सद्भाव के साथ सेवा का लिया संकल्प

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आस्था के साथ कृतज्ञता का भाव, पितरों के प्रति सम्मान और समाज को सेवा के सूत्र में बांधने का संकल्प। हाउसिंग बोर्ड स्थित साईं झूलेलाल धाम में आयोजित पंचदश शुकराना महोत्सव में इन भावों की सुंदर झलक देखने को मिली। पितृमोक्ष अमावस्या और विश्व डाक दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में जहां दिवंगत पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया, वहीं संत निरंकारी मिशन के महात्माओं का सम्मान कर उनके आध्यात्मिक संदेशों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रेम, भाईचारे, बुजुर्गों के सम्मान और जरूरतमंदों की सेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

आदर्श सिंध ब्रादर मंडल के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कृष्णानी और साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुखमनी साहिब के पाठ और सामूहिक शुकराना प्रार्थना से हुई। इसके बाद साईं झूलेलाल का पूजन, दीप प्रज्वलन, आरती, अरदास और पल्लव साहिब का गायन किया गया। पितृमोक्ष अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने दिवंगत पूर्वजों का स्मरण करते हुए उनके संस्कारों और आदर्शों को जीवन में अपनाने का भाव व्यक्त किया।



### डाक दिवस पर संदेशवाहकों का सम्मान

विश्व डाक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में संदेश पहुंचाने की परंपरा को आध्यात्मिक अर्थ देते हुए संत निरंकारी मिशन के महात्माओं प्रकाश वर्मा, लक्ष्मण भक्तयानी और शंकर लाल का सम्मान किया गया। धर्मेन्द्र कृष्णानी, लक्ष्मी नागदेव सहित मंडल के पदाधिकारियों ने महात्माओं को पुष्पहार पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लिया। धाम परिसर में 'धन निरंकार जी' और 'जय झूलेलाल' के जयघोष गूंजते रहे।

### हर परिस्थिति में शुकराना करने का संदेश

सम्मान के बाद संत महात्माओं ने सत्संग के माध्यम से परमात्मा से जुड़ने और जीवन की सुख-दुख की परिस्थितियों में भी कृतज्ञता का भाव बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने शुकराने को भक्ति का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि परमात्मा के प्रति आभार का भाव मन को शांति देता है और जीवन में सकारात्मकता लाता है। कार्यक्रम में सरिता दिलीप थारानी परिवार की ओर से भोग-प्रसाद और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। समापन पर श्रद्धालुओं ने समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव बढ़ाने, वरिष्ठजनों का सम्मान करने, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने तथा जरूरतमंदों की सेवा करने का संकल्प लिया।



## सिटी इवेंट

### देवी जयकारों से गूंजा निगम परिसर अखंड ज्योति कलश की स्थापना



**दुर्ग।** शारदीय नवरात्र पर नगर पालिक निगम परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में भव्य पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने जन प्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारीयो के साथ अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित कर नवरात्र महोत्सव की शुरुआत की। इस मौके पर निगम परिवार के सदस्य,एनआईसी पार्षद,अधिकारी, कर्मचारी तथा श्रद्धालु मौजूद रहे,नवरात्र के पहले ही दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।भक्तिमय माहौल में हर कोई देवी माँ के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना कर रहा था। पूजा-अर्चना के दौरान एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर,शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर,नरेंद्र बंजारे, लीलाधर पाल,शशि साहू,हर्षिका जैन,रंजीता पाटिल,जितेंद्र ताम्रकर सहायक अभियंता हरिशंकर साहू,लता यादव,हेमलता वर्मा,किरण अग्रवाल,साक्षी चौहान,चित्रलेखा चंद्राकर, प्रिंसी शर्मा,मुन्ना यादव,दामिनी भुवाल सहित अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने माता रानी के समक्ष श्रद्धा के साथ आस्था व्यक्त की और अखंड ज्योति के सामने दीप जलाए। अलका बाघमार ने कहा कि नवरात्र शक्ति और साधना का पर्व है। यह हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। नगर की सुख-शांति और समृद्धि के लिए माँ दुर्गा से प्रार्थना की गई है।

## सिटी लाइव

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान



**भिलाई।** ग्राम कातरो के पंचायत परिसर में भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने शिविर में पहुंचकर नागरिकों से आत्मीय मुलाकात कर संवाद किया, बुजुर्गों का हालचाल जाना और स्वास्थ्य शिविर में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। वे स्वयं ब्लड टेस्ट कराया एवं स्वास्थ परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच, सामान्य चिकित्सा परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों ने शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को विधायक द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंत्र है सेवा, समर्पण और जनकल्याण। उसी मंत्र को लेकर हमारी डबल इंजन की भाजपा सरकार काम कर रही है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। हमारी सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं - आयुष्मान भारत, महतारी वंदन, और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर रही है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे, उसे इलाज के लिए शहरों के चक्कर न लगाने पड़े। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कातरो सरपंच जितेन्द्र सोनी,प्रवीण यदु, राजू जंघेल, फत्ते लाल वर्मा, फलेन्द्र सिंह राजपूत, शुभम वर्मा, कन्हैयालाल साहू, पुष्पलता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### ब्रह्माकुमारीज चैतन्य देवियों की झांकी 15 अक्टूबर से



**भिलाई।** विश्व में 140 से अधिक देशों में स्थित अपने 90 वर्ष नवदशकोत्सव की निस्वार्थ अथक सेवाओं द्वारा विश्व में एकमात्र महिला नेतृत्व द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शरदीय नवरात्रि के अवसर पर सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन प्रांगण में 15 अक्टूबर से नौ देवियों की लाईट एंड साउंड से सुसज्जित भव्य आलौकिक चैतन्य झांकी सजायी जा रही है। जिसमें पहाड़ों, गुफाओं और धरती के गर्भ से प्रकट होती चैतन्य देवियां जड़ मूर्ति के रूप में प्रत्यक्ष होंगी। जिसका लोग प्रतिदिन शाम को 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों के दर्शनलाभ कर सकेंगे। भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि चारों ओर शक्तियों की स्थापना और पूजन से वातावरण सकारात्मक और शक्तिशाली रहेगा इसलिए सभी भक्तजन इन शिव शक्तियों का आह्वान कर अपने जीवन से बुराइयों, व्यर्थ विचारों और व्यसनों को समाप्त करने का संकल्प करेंगे तो शक्तिशाली वातावरण होने के कारण सहज ही परिवर्तन होगा।यह चैतन्य देवी झांकी अपनी अनूठी प्रस्तुति और शिव शक्तियों द्वारा जीवन में सकारात्मकता के प्रबुद्धाव के लिए जानी जाती है, जहां ब्रह्माकुमारी बहनें स्वयं चैतन्य देवियों का रूप धारण करती हैं। गहन तपस्या और राजयोग की सतत साधना के कारण वे जड़ मूर्तियों के समान अचल और अडोल दिखती हैं। श्रद्धालु इन चैतन्य देवियों के दर्शन से शांति और दिव्यता का अनुभव करते हैं। इस आध्यात्मिक वातावरण में कुछ पल बिताने से लोगों को एक अलौकिक दिव्य अनुभूति होती है।

● शारदीय नवरात्र शुरू, नौ दिनों तक मंदिरों में आस्था के जगमगाएंगे दीप

# शारदीय नवरात्र पर सजा माता का दरबार, देवालयों में ज्योति कलश की स्थापना, पंडालों में माता की प्रतिमा विराजित

**भिलाई।** शारदीय नवरात्र की शुरुआत रविवार से हो गई। नवरात्र को लेकर शहर सहित जिलेभर के माता मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं। रविवार से नौ दिनों तक मंदिरों में आस्था के दीप जगमगाएंगे। माता मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। वहीं, शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सजाए गए दुर्गा पंडालों में घट स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना शुरू होगी। नवरात्र के दौरान सुबह से देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला चलेगा। मंदिरों में विशेष शृंगार, पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलन को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना शाम के समय प्रारंभ हुई। नवरात्र को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह है। गांवों में स्थित माता मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की कामना के साथ ज्योति कलश स्थापित कराएंगे। नौ दिनों तक मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजन होंगे। ग्रामीण अंचलों में जसगीत मंडलियां माता की आराधना करेंगी। शाम और रात के समय मंदिर परिसरों में जसगीत की गूंज सुनाई देगी। कई गांवों में सामूहिक धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। शहर में पंडालों में आकर्षक सजावट और रोशनी की व्यवस्था की गई है। समितियों ने नौ दिनों तक अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रम कराने की तैयारी की है। पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला नवरात्र के पहले दिन से शुरू हो जाएगा।





### विराट नगर में विराजीं मां दुर्गा, सजावट से जगमगा रहा दरबार



**दुर्ग।** जन जागरण दुर्गोत्सव समिति विराट नगर बोरसी दुर्ग द्वारा 6 वें वर्ष शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर एकम 11 अक्टूबर रविवार को मां दुर्गा की भव्य स्थापना की गई। पंडित पूर्णानंद तिवारी व कृष्णा अर्जुन दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों के बीच मां की प्रतिमा विराजमान की गई। समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा व सचिव महाबीर साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि नौ दिन तक चलने वाले इस महापर्व में रविवार को बेदी पूजन ,कलश पूजन एवं माता की स्थापना की गई । सुबह-शाम महाआरती के अलावा प्रतिदिन आरती प्रातः 8:30 बजे एवं संध्या 7:30 बजे होगी, वहीं जसगीत प्रतिदिन संध्या 5:00 से 7:30 बजे तक, द्वितीया 12 अक्टूबर सोमवार संध्या 8 बजे से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता (10 वर्ष तक के बच्चों के लिए), रात्रि 9:30 से गरबा ,तृतीया 13 अक्टूबर मंगलवार रात्रि 8:00 बजे से नृत्य (प्रतियोगिता 10 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए), रात्रि 9:00 बजे गरबा,चतुर्थी 14 अक्टूबर बुधवार जय बाबा रुक्खडनाथ शीतला सेवा पूजन जस झांकी परिवार (नारधा) द्वारा भव्य जस झांकी की प्रस्तुति, पंचमी 15 अक्टूबर गुरुवार रात्रि 8:00 बजे से पंचमी का खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**कांची कामाक्षी मंदिर में नौ दिनों तक सजेगा माता रानी का दरबार, 450 कलशों की हुई स्थापना:**
**भिलाई।** सेक्टर 05 के कांची कामाक्षी मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव की शुरुआत हो गई हैं। मंदिर में नवरात्र का पावन पर्व भक्तिमय वातावरण, सजावट और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ रविवार से हुआ। समापन 19 अक्टूबर को किया जाएगा। नौ दिनों तक मंदिर में माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना किया जाएगा।

**पंचमी पर सुहागिनों के लिए विशेष पूजा-अर्चना :**
नवरात्र महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में लगातार नौ दिनों तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। समिति ने समाज के सभी सदस्यों और माता के भक्तों से महोत्सव तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की है। नवरात्र के दौरान पंचमी तिथि का विशेष धार्मिक महत्व रहेगा।

**नवरात्र मां की आराधना और आस्था का पर्व :**
मंदिर समिति के अध्यक्ष टी डिल्लेश्वर राव और उपकोषाध्यक्ष टी रघुनाथ राव ने श्रद्धालुओं से विशेष रूप से महोत्सव में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नवरात्र मां की आराधना, आस्था और सेवा का पर्व है। सभी भक्त अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करें और धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनें।

### बंगाली समाज ने श्रद्धा के साथ मनाई महालया मां दुर्गा के आगमन का किया आह्वान





**भिलाई।** बंगाली समाज में महालया का पर्व श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। महालया के अवसर पर मां दुर्गा के आगमन का आह्वान किया गया। इसके साथ ही बंगाली समाज में शारदीय दुर्गोत्सव की तैयारियों और उत्साह का माहौल बनने लगा है। महालया को पितृपक्ष के समापन और देवी पक्ष के आरंभ से जोड़कर देखा जाता है। इस दिन लोग अपने पूर्वजों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और मां दुर्गा से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हैं। महालया की सुबह बंगाली परिवारों में चंडीपाठ और प्रसिद्ध महिषासुरमर्दिनी कार्यक्रम सुनने की परंपरा रही है। बीरेंद्र कृष्ण भद्र की आवाज में चंडीपाठ बंगाली संस्कृति का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। मां दुर्गा की महिमा और महिषासुर पर उनकी विजय की कथा श्रद्धालुओं में भक्ति और शक्ति का संचार करती है। हुडको रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी में आयोजित पूजा में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ हिस्सा लिया। आयोजन के उपरांत उपस्थित लोगों के बीच भोग-प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

## चार वर्गों में हुई प्रतियोगिताएं

# एकल गायन प्रतियोगिता में 45 प्रतिभागियों के भजनों ने बांधा समां, विजेताओं को मिला पुरस्कार

**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ के बैनर तले श्रमण संघ महिला मंडल द्वारा एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मानव मिलन के संस्थापक, नेपाल केसरी, राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि के पावन सानिध्य तथा पुनीत मुनि की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 45 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज में शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया था, ताकि सभी आयु वर्गों के प्रतिभागियों को अपनी गायन प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। चारों वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 5 से 15 वर्ष में प्रथम रूही, द्वितीय वृषा जैन, तृतीय संयमी जैन, द्वितीय वर्ग 15 से 30 वर्ष प्रथम स्थान आकांक्षा जैन, द्वितीय स्थान काजल पारख, तृतीय स्थान युक्ता बोहरा, तृतीय वर्ग 30 से 50 वर्ष प्रथम टीकम छाजेड़, द्वितीय अमित गोलछा, तृतीय रोमा पारख, चतुर्थ वर्ग 50 वर्ष से अधिक में प्रथम कविता कर्णावट, द्वितीय बसंत छत्तीसा



बोहरा, तृतीय पुष्पा जैन पुरस्कृत की गईं। इसके अतिरिक्त कंचन देवी मारोटी को विशेष सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल ने किया प्रतिभाओं का मूल्यांकन प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्री मनोज छाबड़ा, श्रीमती रुचि लालवानी एवं श्री जयप्रकाश जैन उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की गायन शैली, सुर, लय एवं प्रस्तुति के आधार पर उनका मूल्यांकन किया। श्रमण संघ महिला मंडल ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में चंदा रुणवाल एवं अंकिता संचेती, लेना पारख का विशेष सहयोग रहा। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। इस आयोजन ने धार्मिक भजनों के माध्यम से भक्ति, संगीत एवं सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ विभिन्न पीढ़ियों को एक मंच पर जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। प्रतियोगिता ने यह संदेश दिया कि भक्ति संगीत किसी आयु सीमा में बंधा नहीं है, बल्कि यह सभी को आध्यात्मिक आनंद और आपसी सद्भाव से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

## जीवनशैली सुधारने के दिए सुझाव

### स्मृति वाटिका में किया पौधारोपण सहेजने का लिया संकल्प



**भिलाई।** ग्राम भटगांव स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पं. सीताराम शर्मा स्मृति वाटिका में शाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आईआईटी के निदेशक राजीव प्रकाश, कुलसचिव सचिन मिश्रा और दुर्ग जनपद पंचायत के सीईओ प्रकाश मेश्राम सहित अतिथियों ने पौधे लगाए। कार्यक्रम का आयोजन पं. कृष्णमूर्ति शर्मा ने किया। आईआईटी निदेशक राजीव प्रकाश ने पं. कृष्णमूर्ति शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्व. पं. सीताराम शर्मा से प्रेरणा लेकर वृक्षारोपण जैसे रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाना प्रशंसनीय है। उन्होंने ग्रामीणों को परंपरागत खेती के साथ व्यावसायिक खेती अपनाने की सलाह दी, ताकि उनकी आमदनी में वृद्धि हो सके। साथ ही नशामुक्त जीवनशैली अपनाने, खानपान में पौष्टिक आहार को प्राथमिकता देने और समय प्रबंधन पर ध्यान देने की बात कही। दुर्ग जनपद पंचायत के सीईओ प्रकाश मेश्राम ने स्व. पं. सीताराम शर्मा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और अन्य सामाजिक गतिविधियों में सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। दिलेश्वर उमरे ने भी स्मृति वाटिका में किए जा रहे वृक्षारोपण कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में ग्रामीण पूनाराम देशमुख, सुरेश क्षत्रिय, शिवकुमार देशमुख, रजऊ डहरे, अजय, भेष, टिंकू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ अग्रसेन जयंती महोत्सव

# शोभायात्रा में उमड़ा अग्रबंधुओं का सैलाब, अग्रवाल समाज ने दिया एकता और संगठन शक्ति का परिचय

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** अग्रवाल समाज भिलाई द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। महोत्सव के अंतर्गत निकाली गई भव्य शोभायात्रा में अग्रबंधुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में समाज के लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता ने एकता, संगठन शक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आकर्षक साज-सज्जा, रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाती झांकियां, एलईडी झांकियां और भव्य गंगा आरती ने शोभायात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया। सेक्टर-6 स्थित अग्रसेन भवन से प्रारंभ हुई शोभायात्रा उत्सव और उल्लास के वातावरण में आगे बढ़ी। इसमें शामिल आकर्षक झांकियों और लगभग 70 सदस्यीय टीम की प्रस्तुति ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा में दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना। वही अग्रवाल समाज के सदस्यों के साथ अन्य समाजों के लोगों ने भी शोभायात्रा का स्वागत कर सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का परिचय दिया।



### बच्चों, युवाओं और महिलाओं की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी

महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों, सामाजिक एकता और सेवा भावना को समर्पित इस आयोजन में समाज के बच्चे, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। बच्चों का उत्साह, युवाओं की सक्रियता और महिलाओं की भागीदारी देखते ही बन रही थी। महोत्सव ने नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। अग्रवाल समाज भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल एवं महासचिव अनिल जिंदल के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव को समाज के सभी वर्गों का भरपूर सहयोग मिला। महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती उमा अग्रवाल एवं सचिव श्रीमती सरिता अग्रवाल सहित समिति की सदस्यों ने विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### सामूहिक सहभागिता से सफल हुआ आयोजन

अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 की सफलता अग्रवाल समाज की विभिन्न सेवा समितियों, महिला शक्ति, युवाओं, बच्चों और वरिष्ठजनों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम रही। सभी के सहयोग, समर्पण और सहभागिता ने इस आयोजन को यादगार बनाया। महोत्सव ने एक बार फिर संदेश दिया कि एकता, सहयोग और सेवा भावना ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए अग्रवाल समाज भिलाई ने अपनी एकजुटता और संगठन शक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य विजय गुप्ता, संजय रुंगटा, विजय अग्रवाल, सुरेश केजरीवाल, सुनील गोयल, दिलीप अग्रवाल, दिनेश लोहिया, अनिल गुप्ता सहित समाज के महिला, पुरुष और युवा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्टस

### आईआरसी बैडमिंटन और टेट में जुटे मध्यभारत के खिलाड़ी



**रायपुर।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर शाखा की ओर से ₹आई स्पोर्ट्स बैडमिंटन एरिना₹ में सीआईआरसी बैडमिंटन एंड टेबल टेनिस टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन 10 अक्टूबर से किया गया। आईसीएआई रायपुर शाखा द्वारा पहली बार आयोजित इस खेल महाकुंभ के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह सिसौदिया रहे, जबकि सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई तथा रायपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए जी.एस. अग्रवाल और सीए एन.सी. बेगानी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में आईसीएआई मध्य भारत के चार राज्यों—छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और झारखंड की आठ प्रमुख शाखाओं (रायपुर, भिलाई, जबलपुर, इंदौर, भोपाल, उदयपुर, रांची और सतना) से कुल 59 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के सफल और सुचारू आयोजन में रायपुर शाखा की प्रबंध समिति की अध्यक्ष सी.ए. रश्मि वर्मा, उपाध्यक्ष सी.ए. रवि जैन, सचिव सी.ए. ऋषिकेश यादव, कोषाध्यक्ष सी.ए. शीतल काला, कार्यकारिणी सदस्य सी.ए. विकास गोलछा तथा सी.ए. आयुषी गर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। टूर्नामेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी आयोजन के समन्वयक (कोआर्डिनेटर) सी.ए. ऋषिकेश यादव द्वारा प्रदान की गई।

### यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट 16 से

**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी, भिलाई द्वारा भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट – सीजन 3 का आयोजन 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंडर-15 आयु वर्ग के युवा एवं उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसके सभी मैच करंजा, भिलाई स्थित करंजा भिलाई क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे। पूरी प्रतियोगिता पारंपरिक रेड-बॉल प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें प्रत्येक टीम को 40-40 ओवर खेलने का अवसर मिलेगा। इस रोमांचक प्रतियोगिता में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूलों में विभाजित किया गया है। पूल ए में आर.के. अकादमी भिलाई, इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर और क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी भिलाई को रखा गया है, जबकि पूल बी में पीसीसी पद्मनापुर, ओसीए रेजिडेंशियल अकादमी भुवनेश्वर और जीसीसी भिलाई शामिल हैं। प्रत्येक टीम को लीग चरण में दो-दो मैच खेलने का अवसर मिलेगा, जिसके बाद दोनों पूलों की शीर्ष टीमें फाइनल मुकाबले में प्रवेश करेंगी। टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला 21 अक्टूबर को खेला जाएगा। यह जानकारी शांतनु घोष ने दी ।



### दुर्ग जिला एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन ने लिया चयन ट्रायल



**भिलाई।** दुर्ग जिला एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल टीमों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 अक्टूबर को किया गया। इस ट्रायल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन समिति द्वारा प्रारंभिक तौर पर 24 पुरुष एवं 20 महिला खिलाड़ियों को संभावित सूची में चयनित किया गया है, जबकि दोनों वर्गों में 12-12 खिलाड़ियों का अंतिम चयन रविवार को किया गया। ट्रायल के इस महत्वपूर्ण अवसर पर चयन समिति के सदस्य गुरमीत सिंह, एस.एन. नेमा, नईमुद्दीन हनफी, निर्मल सिंह, राजेंद्र राय, शंकर लाल यादव, डी. शाजी, श्रीमती प्रतीक्षा, विनोद नायर, वी.एन. सोनी, ललन चौधरी, राकेश सिंह, मधुसूदन हनोटे, राहुल रेड्डी एवं अनिल दलाई उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हैंडबॉल के लिए खिलाड़ी चयनित

**रायपुर।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आगामी 13 से 16 अक्टूबर तक कबीरधाम में आयोजित की जा रही है, जिसके लिए महासमुंद जिले से कुल 13 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को हैंडबॉल ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर एवं जिला शिक्षा विभाग के सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा ने परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए अपनी ओर से अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

## कोलेस्ट्रॉल क्या है और शरीर के लिए क्यों जरूरी है, जरूर जानिए

# हाई कोलेस्ट्रॉल से सिर्फ दिल ही नहीं आपके लिवर, दिमाग और दूसरे अंगों पर भी होता है भारी असर, रहें सावधान

शरीर को स्वस्थ और सुचारू रूप से चलाने के लिए कोलेस्ट्रॉल की संतुलित मात्रा का होना बहुत आवश्यक होता है। कोलेस्ट्रॉल मूल रूप से एक मोम और वसा जैसा पदार्थ होता है, जिसका निर्माण हमारा शरीर कुछ महत्वपूर्ण हार्मोन्स, विटामिन-डी और भोजन को पचाने में मदद करने वाले पाचक रसों के निर्माण के लिए करता है। जब तक इसकी मात्रा संतुलित रहती है, यह शरीर के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन रक्त में इसकी मात्रा का आवश्यकता से अधिक बढ़ना सेहत के लिए एक खामोश और गंभीर खतरा बन जाता है।

### धमनियों में प्लाक जमने की प्रक्रिया और इसके खतरे

जब खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है, तो यह धमनियों की अंदरूनी दीवारों पर जमा होने लगता है, जिसे प्लाक कहा जाता है। प्लाक का लगातार जमना धमनियों को संकरा और कठोर बना देता है, जिसके कारण पूरे शरीर में रक्त का स्वाभाविक प्रवाह बाधित होने लगता है। आमतौर पर लोग इसे सिर्फ हृदय रोग से जोड़कर देखते हैं, लेकिन रक्त प्रवाह बाधित होने का यह दुष्प्रभाव शरीर के कई अन्य अंगों और प्रणालियों पर भी उतना ही



गंभीर और नकारात्मक असर डालता है।

### हृदय स्वास्थ्य पर प्रहार और सीने में दर्द का जोखिम

हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण सबसे पहला और बड़ा खतरा आपके दिल पर मंडराता है। जब हृदय तक रक्त पहुंचाने वाली धमनियों में प्लाक जम जाता है, तो दिल की मांसपेशियों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। इस स्थिति के कारण व्यक्ति को सीने में तेज दर्द (एंजाइना) की शिकायत हो सकती है या फिर अचानक दिल का दौरा पड़ने का जानलेवा जोखिम उत्पन्न हो जाता है।



### सूजन और हाई ब्लड प्रेशर का बढ़ता खतरा

हाई कोलेस्ट्रॉल की स्थिति शरीर के भीतर अंदरूनी सूजन (इंफ्लेमेशन) को बढ़ावा देती है, जिससे रक्त वाहिकाएं समय के साथ सख्त और सख्त होती चली जाती हैं। जब रक्त वाहिकाएं अपनी लचक खो देती हैं, तो हृदय को पूरे शरीर में खून पंप करने के लिए बहुत ज्यादा ताकत और मेहनत लगानी पड़ती है। इस अतिरिक्त दबाव के कारण मरीज का ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ा हुआ रहने लगता है, जो आगे चलकर कई अन्य गंभीर हृदय रोगों का कारण बनता है।

### मस्तिष्क की धमनियों में रुकावट और स्ट्रोक का जोखिम

हाई कोलेस्ट्रॉल का नकारात्मक असर सिर्फ दिल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह दिमाग के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। जिस प्रकार प्लाक दिल की नसों में जमता है, उसी प्रकार यह मस्तिष्क तक रक्त ले जाने वाली धमनियों को भी संकरा कर देता है। यदि मस्तिष्क को रक्त पहुंचाने वाली कोई भी मुख्य वाहिका पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाती है, तो व्यक्ति को स्ट्रोक हो सकता



है, जो कि मस्तिष्क की कोशिकाओं को स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है या जानलेवा साबित हो सकता है।

### डायबिटीज मरीजों के लिए कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, जिन लोगों को पहले से ही डायबिटीज या उच्च शर्करा की समस्या है, उन्हें अपने कोलेस्ट्रॉल के स्तर को लेकर अत्यधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। डायबिटीज और हाई कोलेस्ट्रॉल का एक साथ होना शरीर के लिए दोहरी जटिलता पैदा करता है, क्योंकि हाई ग्लूकोज और प्लाक मिलकर नसों तथा रक्त वाहिकाओं को तेजी से नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए मधुमेह के रोगियों को हृदय रोगों से बचने के लिए ब्लड शुगर के साथ-साथ कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को नियंत्रित रखना अनिवार्य है।

# रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के देव आदित्य की शानदार पारी

**रायपुर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित रणजी ट्रॉफी 2026-27 सत्र के पहले मुकाबले में सौराष्ट्र ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ बेहद मजबूत शुरुआत की है। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले के पहले दिन छत्तीसगढ़ के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की टीम को उसके सलामी बल्लेबाजों ने बेहद सधी हुई शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 66 रनों की शानदार साझेदारी की। सौराष्ट्र की ओर से जय गोहिल ने 31 रनों का योगदान दिया, जबकि चिराग जानी ने आक्रामक और जिम्मेदार बल्लेबाजी करते हुए शानदार अर्धशतक जमाया और 83 रन बनाए।

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक सौराष्ट्र की स्थिति काफी सुदृढ़ है और टीम ने 90 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 308 रन बना लिए हैं। टीम के बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ बेहतरीन और संयमित लय में नजर आए, जो 92 रन बनाकर अपने शतक के बेहद करीब नाबाद खेल रहे हैं। उनका साथ दे रहे देश के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 72 रन बनाकर नाबाद क्रीज पर डटे हुए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बीच हो रही लंबी और मजबूत साझेदारी के दम पर सौराष्ट्र एक विशाल स्कोर की ओर अग्रसर है। वहीं, छत्तीसगढ़ की गेंदबाजी की बात करें तो देव



आदित्य सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 2 विकेट झटके, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप वारियर और धर्मेंद्र सिंह जडेजा को 1-1 सफलता हाथ लगी। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अनुसार यह मुकाबला 11 से 14 अक्टूबर तक चलेगा, ऐसे में दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों की कोशिश सौराष्ट्र के शेष बल्लेबाजों को जल्द से जल्द समेटने पर होगी।

# काटते ही काला हो जाता है सेब तो आजमाएं अमेजिंग हैक्स

अक्सर हम देखते हैं कि सेब को काटने के कुछ ही देर बाद उसकी स्लाइस भूरी या काली पड़ने लगती हैं। यह बदलाव एक प्राकृतिक रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण होता है जिसे ऑक्सीडेशन कहा जाता है, जो सेब के आंतरिक तत्वों के हवा के संपर्क में आने पर होता है। हालांकि इस भूरेपन से सेब के स्वाद और पोषक तत्वों पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, लेकिन इसका रूप और ताजगी खराब लगने लगती है, जिसे कुछ आसान ट्रिक्स से रोका जा सकता है।

### शहद के पानी का इस्तेमाल

शहद के उपयोग से सेब को काफी देर तक फ्रेश और लाल रखा जा सकता है, क्योंकि शहद में पेप्टाइड नामक एक प्राकृतिक तत्व होता है जिसमें प्रिजर्वेटिव गुण पाए जाते हैं। इसे प्रयोग करने के लिए एक कप गुनगुने या सामान्य पानी में दो बड़े चम्मच शहद अच्छी तरह मिलाएं और कटे हुए सेब के टुकड़ों को इसमें 5 मिनट के लिए भिगोकर रख दें। इसके बाद स्लाइस को पानी से निकालकर छान लें; इससे सेब का रंग काला नहीं पड़ेगा और उसमें एक हल्की प्राकृतिक मिठास भी आ जाएगी।



## पैरेंट्स अपने बच्चों को जरूर सिखाएं संवेदनशीलता बरतना



यदि आपका बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ और ठीक है, लेकिन उसकी कक्षा में पढ़ने वाला कोई साथी शारीरिक रूप से अस्वस्थ या अक्षम है, तो यह आपकी नैतिक जिम्मेदारी है कि आप अपने बच्चे को इस बारे में सही और संवेदनशील ज्ञान दें। उचित जानकारी और समझ के अभाव में बच्चे अक्सर शारीरिक अक्षमता को लेकर तरह-तरह की गलत धारणाएं बना लेते हैं, जो आगे चलकर अनजाने में ही सही, उनके व्यवहार में भेदभाव या चिढ़ाने का रूप ले सकती हैं।

### खुले मन से बातचीत और बच्चे की सोच को समझना

अपने बच्चे को समझाने के लिए सबसे पहले आपको उसके साथ खुले मन से बातचीत की शुरुआत करनी होगी। आप बहुत प्यार और धैर्य से बच्चे से उसके विशेष सहपाठी के बारे में पूछें कि वह उसके बारे में क्या सोचता है, उसे उसमें क्या पसंद है और क्या नहीं। जब आप बच्चे की बातों को ध्यान से सुनेंगी, तभी उसके मन की भ्रांतियों को समझ पाएंगी



और उसे सही दिशा में मार्गदर्शन देकर एक अच्छा दोस्त बनने में उसकी मदद कर पाएंगी।

### सरल भाषा और प्रेरक उदाहरणों से समझाना

बच्चे से इस विषय पर बात करते समय भाषा बहुत सरल होनी चाहिए और रोजमर्रा के उदाहरणों का उपयोग किया जाना चाहिए। बच्चे को समझाएं कि जिस तरह दुनिया में हर व्यक्ति का रंग, कद और पसंद अलग होती है, उसी तरह शारीरिक क्षमताएं भी अलग हो सकती हैं। उसे ऐसे कई सफल और महान व्यक्तियों की कहानियां सुनाएं, जिन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमता को चुनौती देते हुए जीवन में बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए हैं।

### गतिविधियों में शामिल करने और मदद करने की प्रेरणा

माता-पिता को अपने बच्चे को इस बात के लिए प्रेरित करना चाहिए कि वह शारीरिक रूप से अक्षम बच्चे को अलग-थलग न छोड़े, बल्कि उसे अपने खेल-कूद और स्कूल की गतिविधियों में शामिल करे। उसे दोस्त की मदद करने के व्यावहारिक तरीके सिखाएं, जैसे कि उसका सामान उठाने में हाथ बटाना या वॉशरूम तक जाने में सहयोग करना। इसके साथ ही, बच्चा यदि कोई सवाल पूछे, तो उसका ईमानदारी और स्पष्टता से उत्तर दें, लेकिन कभी भी कोई गलत या भ्रामक जानकारी न दें।

### सही शब्दावली और अच्छी किताबों का चयन

बच्चों के सामने आप स्वयं अपनी भाषा का विशेष ध्यान रखें और 'विकलांग' जैसे शब्दों के स्थान पर 'विशेष आवश्यकता वाले' या 'अलग क्षमता वाले' जैसे सम्मानजनक शब्दों का उपयोग करें। चूंकि बच्चे अपने माता-पिता के शब्दों को ही सीखते हैं, इसलिए अनुचित भाषा किसी विशेष बच्चे के मन को गहरी चोट पहुंचा सकती है।



## कार्नर न्यूज

## वर्कआउट रूटीन को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने का तरीका

# जंप स्क्वॉट्स करते हुए छोटी-छोटी गलतियों से लग सकती है चोट, एक्सरसाइज में बरतें सावधानी

हम सभी अपने सामान्य वर्कआउट रूटीन में पारंपरिक स्क्वॉट्स को शामिल करते ही हैं, लेकिन यदि आप अपनी फिटनेस को एक कदम आगे ले जाना चाहती हैं, तो जंप स्क्वॉट्स एक शानदार एक्सरसाइज है। यह एक बेहद प्रभावी और हाई-इंटेंसिटी एक्सरसाइज है जो कुछ ही सेकंड में आपकी कैलोरी बर्न करती है और मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसे आप अपने लेग-डे वर्कआउट से लेकर कार्डियो या एचआईआईटी (HIIT) सेशन में शामिल कर सकती हैं।

### सही तकनीक का अभाव और चोट का खतरा

चूंकि जंप स्क्वॉट्स में शरीर को हवा में उछालना और वापस जमीन पर उतरना होता है, इसलिए इसमें सामान्य स्क्वॉट्स की तुलना में थोड़ा अतिरिक्त ध्यान और संतुलन की जरूरत होती है। किसी भी अन्य एक्सरसाइज की तरह अगर जंप स्क्वॉट्स को गलत तरीके से या गलत फॉर्म में किया जाए, तो इससे जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर चोट लग सकती है। इससे घुटने के दर्द से लेकर रीढ़ की हड्डी और पीठ के निचले हिस्से में खिंचाव आ सकता है, जिससे



फिटनेस एक्सपर्ट जितेन्द्र कौशिक बचने की सलाह देते हैं।

### खराब पोश्चर की गलती से बचें

जंप स्क्वॉट्स करते समय शरीर का पोश्चर सबसे ज्यादा मायने रखता है, लेकिन अक्सर लोग कूदते समय अपनी पीठ को झुका लेते हैं या आगे की ओर झुक जाते हैं। पीठ झुकाकर एक्सरसाइज करने से रीढ़ की हड्डी और कमर के निचले हिस्से पर अनुचित दबाव पड़ता है जिससे पीठ दर्द शुरू हो सकता है। इससे बचने के लिए अपनी छाती को हमेशा ऊपर उठाकर रखें, कंधों को पीछे की तरफ रखें और पूरे मूवमेंट के दौरान अपनी कोर मसल्स को टाइट रखें ताकि रीढ़ सुरक्षित रहे।

बहुत ज्यादा ऊंचाई तक कूदने की गलती

कई बार लोग ज्यादा परिणाम पाने की होड़ में बहुत तेजी से और बहुत ज्यादा ऊंचाई तक कूदने का प्रयास करते हैं, जो कि बिल्कुल गलत तरीका है। बहुत ऊंचा कूदने से शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है और वापस जमीन पर आते समय बॉडी फॉर्म पूरी तरह खराब हो जाता है। बॉडी फॉर्म बिगड़ने से घुटनों, टखनों और कमर पर अचानक झटका लगता है जिससे गंभीर चोट या दर्द की



शिकायत हो सकती है, इसलिए हमेशा एक नियंत्रित ऊंचाई तक ही जंप करें।

### जमीन पर तेजी से पैर पटकने (हाई लैंडिंग) की गलती

जंप स्क्वाट्स करते समय एक और बड़ी गलती यह होती है कि लोग हवा से नीचे आते समय अपने पैरों को बहुत जोर से जमीन पर पटकते हैं। तेजी से जमीन पर उतरने का सीधा मतलब है कि आप अपने घुटनों, टखनों और जोड़ों पर बहुत ज्यादा शॉक या दबाव डाल रहे हैं। जोड़ों पर पड़ने वाला यह अनावश्यक तनाव आगे चलकर जोड़ों के दर्द का कारण बनता है, इसलिए हमेशा बहुत धीरे और पंजे के बल (सॉफ्ट लैंडिंग) नीचे आने की कोशिश करें।

### घुटनों को अंदर की ओर मोड़ने की गलती

जंप स्क्वॉट्स के दौरान की जाने वाली सबसे आम और खतरनाक गलती यह है कि कूदते या नीचे आते समय घुटने अंदर की ओर झुक या मुड़ जाते हैं। जब घुटने अंदर झुकते हैं, तो सारा भार सीधे घुटने के जोड़ों और लिगामेंट्स पर आ जाता है, जिससे घुटने में गंभीर चोट या लिगामेंट टियर की समस्या हो सकती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

### 'अवतार' को पछाड़कर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी 'एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर'



आगामी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की रिलीज से पहले मेकर्स द्वारा सिनेमाघरों में उतारी गई 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रच दिया है। दोबारा रिलीज होने के बाद फिल्म ने दुनिया भर में ताबड़तोड़ कलेक्शन करते हुए जेम्स कैमरून की बहुचर्चित फिल्म 'अवतार' को पीछे छोड़ दिया है और ऑल-टाइम हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म का ताज अपने नाम कर लिया है। मूल रूप से 2019 में रिलीज हुई 'एवेंजर्सः एंडगेम' ने अपनी पहली रिलीज और हालिया री-रिलीज की कुल कमाई मिलाकर दुनिया भर में 2.925 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 28,197 करोड़) का रिकॉर्ड कलेक्शन कर लिया है। इसने जेम्स कैमरॉन की 'अवतार' के 2.923 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 28,177 करोड़) के लाइफटाइम कलेक्शन को पछाड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि साल 2021 में 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' से पहले 'अवतार' को भी री-रिलीज किया गया था, जिसके बाद वह टॉप पर पहुंची थी। फिल्म की इस ऐतिहासिक सफलता पर निर्देशक रूसो ब्रदर्स और मेकर्स ने दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए एक भावुक पोस्ट साझा की। उन्होंने कहा, ₹हमारे लिए 'एवेंजर्सः एंडगेम' बनाने का सबसे पसंदीदा अनुभव यही था कि जब फिल्म रिलीज हुई, तब हम दर्शकों के साथ सिनेमाघरों में बैठकर उनकी प्रतिक्रिया देख रहे थे। 'एंडगेम एनकोर' की री-रिलीज के दौरान एक बार फिर ऐसा कर पाना हमारे लिए अद्भुत रहा। हम उन सभी प्रशंसकों का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने सिनेमाघरों में आकर दोबारा तालियां बजाईं और नए दर्शकों को भी इस फिल्म से परिचित कराया।

### टॉलीवुड

### कॉमरेड कल्याण' उतरी बड़े पर्दे पर, वास्तविक नक्सल घटना से प्रेरित है पीरियड एक्शन-कॉमेडी



'अभिनेता विष्णु की मुख्य भूमिका वाली तेलुगु फिल्म 'कॉमरेड कल्याण' 9 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रिलीज होते ही यह फिल्म सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगी है। 1990 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित यह एक पीरियड एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें कॉमेडी, रोमांस और नक्सलवाद का अनोखा मिश्रण देखने को मिल रहा है। फिल्म की कहानी 'कल्याण' (श्री विष्णु) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक सिंगल स्क्रीन थिएटर का मालिक है और अपनी मां से गहरा लगाव रखता है। एक हादसे के दौरान 'सितारा' (महिमा नांबियार) कल्याण की मां की जान बचाती है, जिसके बाद दोनों में प्यार हो जाता है। कहानी में मोड़ तब आता है जब सितारा एक बड़े संकट में फंस जाती है। इसी बीच, परिस्थितियों के चलते पुलिस कल्याण को ही नक्सली समझ बैठती है और उसकी धरपकड़ शुरू कर देती है।

जानकीराम मारेला के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण वेंकट कृष्ण क्रांति और सीता क्रांति ने किया है। फिल्म में विष्णु और महिमा नांबियार के साथ-साथ राधिका सरथकुमार, शाइन टॉम चाको, उपेंद्र लिमये और ब्रह्माजी जैसे मंझे हुए कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। मेकर्स के अनुसार, 'कॉमरेड कल्याण' की पटकथा 1990 के दशक की शुरुआत (विशेषकर वर्ष 1992) में आंध्र प्रदेश-ओडिशा सीमा पर घटी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। उस दौर में सीमावर्ती ग्रामीण इलाकों में पुलिस बल और नक्सली समूहों के बीच भारी तनाव था। उसी समय जेल में बंद अपने साथियों को छुड़ाने के लिए एक नक्सली गुट द्वारा एक स्थानीय नेता का अपहरण कर सरकार से मोल-भाव करने की रणनीति अपनाई गई थी, जो उस समय काफी चर्चित रही थी। फिल्म इसी घटनाक्रम को नाटकीय और मनोरंजक अंदाज में बड़े पर्दे पर पेश करती है।

### भोजपुरी

### 'रानी भौजी' का पोस्टर आउट,सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अदाकारा रानी चटर्जी की नई फिल्म 'रानी भौजी' का आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया गया है। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म सिनेमाघरों के बजाय सीधे डिजिटल प्लेटफॉर्म बीटीवी प्ले ओटीटी पर स्ट्रीम की जाएगी। जारी किए गए फर्स्ट लुक पोस्टर में रानी चटर्जी पारंपरिक भारतीय पहनावे में नजर आ रही हैं। उन्होंने पिंक कलर की साड़ी (सीधे पल्लू), गले में मंगलसूत्र, मांग में सिंदूर लगाया हुआ है और उनके एक हाथ में सुदर्शन चक्र जैसी आकृति दिखाई दे रही है। पोस्टर में पारिवारिक कलह और अत्याचार से जूझती महिला की झलक मिलती है, जिससे यह साफ है कि फिल्म महिला सशक्तिकरण और पारिवारिक ड्रामे से भरपूर होगी। फिल्म का निर्देशन दिल आवेज खान कर रहे हैं और इसका निर्माण मनीष शर्मा द्वारा किया जा रहा है। 'रानी भौजी' बीटीवी प्ले ओटीटी की पहली ओरिजिनल पेशकश होगी। रानी चटर्जी के प्रशंसकों में इस पारिवारिक ड्रामा को लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है। मेकर्स जल्द ही फिल्म की आधिकारिक रिलीज डेट की घोषणा करेंगे।

## 'क्रोशिया' वर्क का जादू



पारंपरिक हस्तनिर्मित लेस और कट-वर्क डिटेलिंग महिलाओं की पहली पसंद बनी। प्योर कॉटन ₹क्रोशिया₹ (क्रोशिया स्टाइल लेस और कट-वर्क) सूट इन दिनों एथनिक वियर का एक प्रमुख और बड़ा ट्रेंड बनकर उभरे हैं। पारंपरिक हस्तनिर्मित लेस की बारीक डिटेलिंग और सांस लेने योग्य आरामदायक फैब्रिक के बेहतरीन तालमेल के कारण इन्हें हर उम्र की महिलाएं खूब पसंद कर रही हैं। इस ट्रेंड की मुख्य विशेषता इसकी बारीक कारीगरी है। इसमें वी-कट व पीटर पैन कॉलर जैसी नेकलाइन, स्लीव कफ, घेरे (हेमलाइन) और दुपट्टे की चारों सीमाओं पर बारीक क्रोशिया लेस का खूबसूरत उपयोग किया जाता है। फैब्रिक की बात करें तो इन्हें मुख्य रूप से प्रीमियम प्योर कॉटन, कैम्ब्रिक कॉटन या विस्कोस-कॉटन ब्लेंड से तैयार किया जाता है, जिनके साथ सॉफ्ट मलमल या डिजिटल प्रिंटेड दुपट्टे जोड़े जाते हैं।

# त्वचा को निखारेंगे उबटन, जान लें बनाने का तरीका

त्वचा का सवारन क लाए उबटन का इस्तमाल सादया स ाकया जाता रहा है। इन दिनों त्यौहारों का और इसके बाद शादियों का मौसम है। ऐसे में आप उबटन से अपना चेहरा निखार कर महफिल की रौनक बन सकती हैं।



### हल्दी और बेसन का उबटन

ये उबटन बनाने के लिए 2 चम्मच बेसन, एक चुटकी हल्दी, 1 चम्मच दूध या दही, और कुछ बूंदे गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए इन सभी चीजों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद हल्के हाथों से मलते हुए पानी से धो लें। यह उबटन दाग-धब्बों को कम करता है, रंगत को निखारता है।

### चंदन और गुलाब जल का उबटन

दूसरा उबटन बनाने के लिए 1 चम्मच चंदन पाउडर, कुछ बूंदे गुलाब जल का इस्तेमाल करें। इसे तैयार करने के लिए चंदन पाउडर में गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद धो लें। चंदन त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और गुलाब जल से त्वचा को ताजगी और चमक मिलती है।

### बादाम और दूध का उबटन

इसे तैयार करने के लिए आपको 5-6 भिगोए हुए बादाम, 1 चम्मच दूध की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले भीगे हुए बादाम को पीसकर पेस्ट बना लें और उसमें दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद हल्के हाथों से मसाज कर धो लें। यह उबटन त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाता है।

### मुल्तानी मिट्टी और खीरे का रस का उबटन

चौथा उबटन बनाने के लिए 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी और 1 चम्मच खीरे का रस का इस्तेमाल करें। इसके लिए दोनों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद धो लें।

### ओट्स और शहद का उबटन

इसे तैयार करने के लिए 1 चम्मच ओट्स पाउडर, 1 चम्मच शहद और कुछ बूंदे नींबू का रस इस्तेमाल करें। उबटन बनाने के लिए सबसे पहले इन सभी को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। 15 मिनट बाद पानी से धो लें। यह उबटन त्वचा को एक्सफोलिएट कर साफ करता है।

## ट्रेडिशनल को दें फ्यूजन का तड़का, इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स से बिखेरें जलवा



नवरात्रि और डांडिया उत्सव के दौरान अगर आप वही पारंपरिक साड़ी, लहंगा या हैवी सूट पहनकर बोर हो चुकी हैं और कुछ नया व ट्रेंडी ट्राई करना चाहती हैं, तो इंडो-वेस्टर्न स्टाइल आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प है। गरबा नाइट्स, डांडिया रास या दुर्गा पूजा के आयोजनों में यह फ्यूजन लुक आपको सबसे अलग, कंफर्टेबल और बेहद एलिगेंट दिखाएगा। यहाँ जानिए इस फेस्टिव सीजन के सबसे ट्रेंडी इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स के बारे में:



### लहंगे के साथ दुपट्टा नहीं, श्रग करें कैरी

यदि आपके पास कोई हैवी या प्लेन लहंगा है, तो इस बार उसके साथ पारंपरिक दुपट्टा लेने के बजाय एक स्टाइलिश लॉन्ग श्रग या केप मैच करें। पारंपरिक लहंगे और मॉडर्न श्रग का यह कॉम्बिनेशन आपके पूरे लुक को तुरंत बदल देगा। यह डांडिया खेलते समय काफी आरामदायक भी रहता है।



### केप स्टाइल को-ऑर्ड सेट

गुलाबी, रानी या मस्टर्ड येलो जैसे चमकीले रंगों का को-ऑर्ड सेट नवरात्रि के उत्सव के लिए एकदम परफेक्ट है। क्रॉप टॉप और फ्लेयर्ड पैंट्स के साथ अटैच्ड केप (Cape) वाला यह स्टाइल देखने में बेहद आकर्षक और रॉयल लगता है। इसे आप महाअष्टमी या महानवमी की पूजा और संध्या आरती में आसानी से कैरी कर सकती हैं।

### शरारा के साथ शॉर्ट कुर्ती का कॉम्बिनेशन

अगर आपको थोड़ा एथनिक और थोड़ा मॉडर्न मिक्स पसंद है, तो शॉर्ट कुर्ती के साथ घेरेदार शरारा पहनें। गरबा रास के लिए यह आउटफिट न सिर्फ देखने में शानदार लगता है, बल्कि आपको आसानी से मूव करने की सुविधा भी देता है। इस लुक के साथ खुले बाल और लाइट ज्वैलरी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे।

# पहनते वक्त टूट जाती हैं कांच की चूड़ियां तो अपनाएं आसान तरीके

अगर आप भी कांच की चूड़ी पहनते वक्त सिर्फ इस बात से डरती हैं, कि कहीं ये टूट न जाए तो अब डरना बंद कर दें। आपको कुछ ऐसी ट्रिक्स के बारे में जानना चाहिए, जिसको फॉलो करने के बाद आपकी चूड़ी नहीं टूटेगी।



### मॉइश्चराइजर

अगर कांच की चूड़ी आपके हाथ में टाइट आ रही है तो आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हुए चूड़ी पहनें। इसके लिए आप कोई भी मॉइश्चराइजर इस्तेमाल कर सकती हैं। मॉइश्चराइजर की जगह आप नारियल का तेल भी लगा सकती हैं। इसके लिए बस आप चूड़ी पहनने से पहले हाथ में मॉइश्चराइजर लगा लें और फिर चूड़ी पहनें।

### साबुन, फेस वॉश या शैम्पू लगाएं

अगर आपको कांच की चूड़ियां पहनने में मुश्किल आती है तो दादी-नानी का नुस्खा अपनाएं और चूड़ियां पहनने से पहले हाथ में साबुन, शैम्पू या फेस वॉश लगा लें, इससे चूड़ियां झट से हाथ में चली जाएंगी।

### एलोवेरा जेल

अगर आपको कांच की चूड़ी पहनने में मुश्किल आती है तो आप एलोवेरा जेल भी हाथ में लगा सकती हैं। इसकी मदद से आसानी से हाथ में चूड़ियां चली जाएंगी। इसको हाथ में अच्छे से लगाएं और फिर चूड़ियों को पहनें।

# अगर आप डार्क स्किन टोन वाले हैं तो ड्रेस चुनते वक्त अपनाएं जरूरी टिप्स

डार्क स्किन टोन हो तो कपड़ों का चुनाव करते हुए कई सारी बातें ध्यान रखनी होती है। ताकि स्किन टोन डार्क होने के बाद भी लुक में कोई कमी न रह जाए। इस वक्त होने वाली शादियों में शामिल होने नौजवानों के लिए कपड़ों का चुनाव करना और भी कठिन हो जाता है क्योंकि उनको कलर को लेकर खासा ध्यान रखना होता है। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो हो सकता है उनकी स्किन टोन और भी डार्क दिखे। इसलिए अगर शादियों के लिए कपड़े खरीदने हैं तो ये जरूरी ड्रेसिंग टिप्स आपके खूब काम आ सकते हैं।



### डार्क कलर होंगे फिट

कपड़ों के साथ अपनी डार्क स्किन टोन को बैलेंस करने के लिए आपको कलर शेड का काफी ध्यान रखना होगा। आपको वो रंग चुनने होंगे जो डार्क हों। पगड़ी और दुपट्टा भी मैचिंग रंग का ही लें।

### जोधपुरी सूट हो ऐसा

टोन डार्क है और जोधपुरी सूट लेना है तो डार्क कलर सूट के साथ उसी कलर की पैंट भी लेनी होगी। इनको दो अलग रंगों में चुनने की गलती बिल्कुल न करें।

### भूरे को कहें न

आपका कॉम्प्लेक्शन डार्क है, ऐसे में कुछ ऐसे रंग हैं जिन्हें आपको बिल्कुल भी नहीं चुनना चाहिए। इसमें सबसे ऊपर जो रंग आता है वो है भूरा। ये रंग आपकी स्किन टोन के काफी करीब होगा इसलिए इसको कपड़ों में बिल्कुल न चुनें। कुछ और रंग जैसे नारंगी, पीला, गुलाबी भी बिल्कुल न चुनें।

**कार्नर न्यूज**

**एथनिक आउटफिट्स के साथ जरूर करें ट्राई**

# ट्रेंडी ज्वेलरी के साथ गरबा नाइट्स से लेकर पूजा तक मिलेगा आपको परफेक्ट रॉयल लुक

नवरात्रि और डांडिया उत्सव का खुमार चारों तरफ छा जाने तैयार है। इस पावन पर्व पर लहंगे, चनिया-चोली और खूबसूरत साड़ियों के साथ सही ज्वेलरी का चुनाव आपके पूरे लुक को निखार देगा। बाजार में ढेरों विकल्प उपलब्ध होने के कारण अक्सर महिलाएं इस सोच में पड़ जाती हैं कि लेटेस्ट ट्रेंड के हिसाब से क्या पहनें। अगर आप भी नवरात्रि की पूजा और गरबा नाइट्स में सबसे अलग और स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो इन ट्रेंडी ज्वेलरी ऑप्शंस को अपने एथनिक आउटफिट्स के साथ जरूर ट्राई करें।



### टेंपल ज्वेलरी में सिल्क साड़ी और लहंगे संग देगा डिवाइन व रॉयल लुक

नवरात्रि के धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-अर्चना के दौरान टेंपल ज्वेलरी महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है। दक्षिण भारतीय पारंपरिक डिजाइनों और देवी-देवताओं की आकृतियों वाली यह ज्वेलरी सिल्क साड़ी या हैवी चनिया-चोली के साथ बेहद कमाल लगती है। यदि आप सिर्फ एक हैवी टेंपल हार और मैचिंग ईयररिंग्स पहनती हैं, तो बिना किसी अतिरिक्त एक्सेसरी के भी आपका लुक एकदम रॉयल और डिवाइन दिखेगा।

अगर आपकी शादी के बाद यह पहली नवरात्रि है या आप पूजा के समय पूरी तरह से पारंपरिक अंदाज में नजर आना चाहती हैं, तो हेरिटेज स्टाइल गोल्ड ज्वेलरी सबसे बेस्ट विकल्प है। ट्रेडिशनल नक्काशीदार सोने का हार, झुमके और कड़े हर तरह के फेस्टिव एथनिक आउटफिट के साथ खूब फबते हैं और आपको एक क्लासिक लुक देते हैं।

### मिनिमल लुक के लिए हैवी झुमके, कड़े और स्टेटमेंट रिंग

गरबा और डांडिया रास के दौरान अगर आप गले में कुछ पहनकर असहज नहीं होना चाहतीं, तो मिनिमल ज्वेलरी ट्रेंड अपनाएं। इसके लिए अपने आउटफिट से मैच करते हुए बड़े आकार के झुमके पहनें। इसके साथ हाथों में खूबसूरत पारंपरिक कड़े और एक बड़ी स्टेटमेंट रिंग (अंगूठी) कैरी करें। यह लुक देखने में बेहद प्यारा लगता है और डांडिया खेलते समय काफी कम्फर्टेबल भी रहता है।

### स्टोन व कुंदन जड़े हैवी ईयररिंग्स से पाएं इंस्टेंट ग्लैमर

आजकल स्टोन, नग और कुंदन वर्क वाले हैवी ईयररिंग्स महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। अगर आपका सूट या लहंगा सिंपल है, तो ऐसे जड़ाऊ ईयररिंग्स आपके लुक में तुरंत ग्लैमर जोड़ देंगे। ध्यान रखें कि हैवी ईयररिंग्स पहनते समय गले को खाली रखें और अपना मेकअप हल्का रखें, ताकि पूरा फोकस आपके ईयररिंग्स पर ही रहे।

